दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 140 जयपुर, मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024 | वैशाख, कृष्ण पक्ष- षष्ठी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

### खगोलीय घटना! बाड़मेर के साथ कई इलाकों में भी उल्का पिंड गिरने का किया जा रहा है दावा...

# भारत-पाक बॉर्डर पर आधी रात तेज रोशनी के साथ धमाका!

बेधड़क | जयपुर/बाड़मेर

बाड़मेर जिले के सीमावर्ती चौहटन और धोरीमन्ना क्षेत्र में रविवार रात को तेज धमाके की गूंज के साथ आसमान से कुछ गिरा। क्षेत्र में चर्चा है कि यह उल्का पिंड था। उसके गिरने के समय आसमान में तेज रोशनी हुई। स्थानीय लोगों ने इस आसमानी घटना की सूचना पुलिस और प्रशासन को दी। इसके बाद सरकारी तंत्र हरकत में आ गया। फिलहाल तमाम अधिकारी इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि आसमान से क्या और कहां गिरा है। यह घटना लोगों में कौतूहल का विषय बनी हुई है।

बाड़मेर जिले के सीमावर्ती चौहटन और धोरीमन्ना इलाके की यह घटना है, जब रविवार रात को धमाकेदार आवाज के साथ धरती पर कुछ गिरा। इस दौरान आसमान में रात के अंधेरे में भी कुछ समय के लिए उजाला हो गया था। क्या गिरा यह किसी को मालूम नहीं, लेकिन माना जाता है कि यह कोई उल्का पिंड था।



#### अप्रिय घटना और नुकसान की कोई खबर नहीं

चौहटन उपखंड अधिकारी सुरजभान विश्नोई ने बताया कि रविवार रात आसमान से तेज आवाज और रोशनी के साथ कुछ गिरने की सूचना मिली है। कई इलाकों में धमाके की तेज गूंज सुनाई देने के साथ ही रोशनी भी दिखाई दी। क्षेत्र में अब तक कहीं से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना और नुकसान की कोई खबर नहीं है। पुलिस के साथ पटवारी से लेकर तमाम अधिकारी इस मामले की जांच में जुटे हैं कि आखिर आसमान से क्या नीचे गिरा है और कहां पर गिरा है। इसको लेकर अभी तक पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि संभवतया कोई उल्का पिंड हो सकता है। हालांकि जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

#### मशालनुमा रोशनी आसमान से गिरती हुई आई नजर

यह घटना रविवार रात की बताई जा रही है। इसको लेकर कई लोगों का दावा है कि उनकी आंखों के सामने एक मशालनुमा रौशनी आसमान से गिरती हुई नजर आई। इस दौरान तेज रोशनी हुई और नीचे आते ही तेज धमाके की आवाज भी आई। जिले के कई ग्रामीण इलाकों में इसके गिरने का दावा किया गया, लेकिन कहीं से भी पुष्टि सामने नहीं आई है। इसको लेकर फोटोस भी शेयर किए गए। अंदेशा यह भी जताया जा रहा है कि यह सीमा पर पाकिस्तान के इलाके में गिरी हो और सीमावर्ती क्षेत्र में नजदीक रह रहे लोगों को आभास हुआ कि यह उनके आसपास के इलाके में गिरी हो।

## जरूरी खबर

### 60 करोड़ रुपए की 173 किलोग्राम हशीश जब्त



**पोरबंदर।** भारतीय तट रक्षक बल ने गुजरात एटीएस के साथ मिलकर पोरबंदर तट के पास अरब सागर में एक नाव से पाकिस्तान से तस्करी कर लाई गई 60 करोड़ रुपए की 173 किलोग्राम हशीश जब्त की है। इस ऑपरेशन में पांच संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया गया है। गुजरात एटीएस ने खुफिया इनपुट पर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। एटीएस को सूचना मिली थी कि मुंबई, बीड़ के तीन व्यक्ति, कैलाश वाजीनाथ सनप, दत्ता सखाराम और मंगेश तुक्काराम उर्फ साहू, नाव से नशीले पदार्थों की तस्करी के काम में लिप्त हैं। इस पर कार्रवाई करते हुए भारतीय तटरक्षक बल और गुजरात एटीएस की संयुक्त टीम ने पोरबंदर से ऑपरेशन शुरू किया।

### केकेआर ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हराया

**कोलकाता।** वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद फिल साल्ट के शानदार अर्धशतक के बूते कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को एक तरफा मुकाबले में हरा दिया। ईडन गार्डंस में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स नौ विकेट खोकर सिर्फ 153 रन ही बना पाई। बाद में कोलकाता ने इस लक्ष्य को 21 गेंद पहले सात विकेट रहते हासिल कर लिया। कप्तान श्रेयस अय्यर 23 गेंद में 33 रन तो वेंकटेश अय्यर 23 गेंद में 26 रन बनाकर नाबाद लौटे। कोलकाता की जीत का क्रेडिट उसके गेंदबाजों का जाता है, जिन्होंने दिल्ली को घुटनों पर ला दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार


अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

### जयपुर एयरपोर्ट को तीन दिन में दूसरी बार मिला धमकी भरा ईमेल... सुरक्षा एजेंसियां जांच में जुटी

# जयपुर समेत छह एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

बेधड़क | जयपुर

जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट अथॉरिटी को 3 दिन में दूसरी बार बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल मिला है। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ ही वाराणसी, चड़ीगढ़, श्रीनगर सहित भारत के कई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इंडिया के इन सभी एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर ये धमकी भरा मैसेज भेजा गया है। मेल करने वाले ने सभी को एक साथ धमकी भरा मेल किया है। धमकी भरे मेल में लिखा है कि हमने एयरपोर्ट के विभिन्न हिस्सों में बम लगा दिया है। एयरपोर्ट के साथ तीन एयरलाइंस में भी बम प्लांट किया है। इसको हल्के में मत लेना।

सोमवार सुबह जयपुर एयरपोर्ट की ई-मेल आईडी पर एयरपोर्ट पर बम होने की सूचना दी गई। धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसिया अलर्ट हो गई। एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। केंद्रीय एजेंसियों के साथ राजस्थान पुलिस भी एक्टिव हो गई। डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड को भी मौके पर बुलाकर जांच की गई, लेकिन एयरपोर्ट पर किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

### मेल में लिखा- हल्के में मत लेना...



#### चप्पे-चप्पे पर चलाया सर्च ऑपरेशन

डीसीपी ईस्ट कावेंद्र सागर के मुताबिक तीन दिन के भीतर दूसरी बार जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। ईमेल मे एयरपोर्ट को ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाने की बात लिखी गई। बताया जा रहा है कि जयपुर ही नहीं बल्कि देश के कई एयरपोर्ट को धमकी भरा मेल मिला है, जिसमें एयरपोर्ट पर बम लगाने की बात कही गई है। सुरक्षा एजेंसिया पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। उन्होंने बताया कि धमकी भरा मेल प्राप्त होने के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और क्यूआरटी ने भी चप्पे-चप्पे पर पुलिस के साथ सर्च किया। एयरपोर्ट बिल्डिंग, पार्किंग एरिया, एप्रन एरिया समेत चप्पे-चप्पे पर चेकिंग की गई। जांच में एयरपोर्ट पर कहीं पर भी कोई विस्फोटक नहीं मिला। इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली।जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

#### 4 महीने में चौथी बार मिली एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी

पिछले चार महीने में यह चौथी बार है, जब जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इसी साल 26 अप्रैल, 16 फरवरी और 2023 में 27 दिसंबर को एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई थी। 26 अप्रैल को एयरपोर्ट के ऑफिशियल फीडबैक आईडी और दो बार ऑफिशियल कस्टमर केयर आईडी पर ईमेल आया था, जिसमें एयरपोर्ट पर बम रखा होने की धमकी दी गई थी। इसके बाद बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड और एयरपोर्ट की सभी सुरक्षा एजेंसियों ने संयुक्त अभियान चलाकर जांच की, लेकिन किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। इसके बाद एयरपोर्ट थाने में केस दर्ज करवाया गया।



### दूदू जिला कलेक्टर और पटवारी रिश्वत केस

# जांच कर रहे ACB के ASP को किया APO

बेधड़क | जयपुर

दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज द्वारा परिवादी से रिश्वत मांगने के मामले में अब एसीबी के एएसपी पर गाज गिरी है। एएसपी रैंक के आरपीएस अधिकारी सुरेंद्र सिंह को एपीओ कर दिया गया है। इस संबंध में गृह (ग्रुप-1) विभाग ने सोमवार को आदेश जारी किए हैं।






गौरतलब है कि दूदू जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज द्वारा जमीन कन्वर्जन के मामले में हुई शिकायत पर कार्रवाई नहीं करने के एवज में एसीबी ने केस दर्ज कर 26 अप्रैल की रात को दूदू कलेक्टर हनुमान मल ढाका और पटवारी हंसराज के ठिकानों पर सर्च की कार्रवाई की थी। इसके बाद हनुमान मल ढाका को एपीओ कर दिया गया था। अब इस मामले की जांच कर रहे एसीबी के एएसपी सुरेंद्र सिंह को एपीओ किया गया है। गृह (ग्रुप-1) विभाग की संयुक्त सचिव कश्मी कौर ने आज आदेश जारी कर आरपीएस अधिकारी (एएसपी, एसीबी) सुरेंद्र सिंह को पदस्थापन आदेशों की प्रतीक्षा में (एपीओ) किया गया है। इस अवधि में उनका मुख्यालय पुलिस मुख्यालय, जयपुर रहेगा।

# केंद्रीय कर्मचारियों के शिक्षा भत्ते में बढ़ोतरी

एजेंसी | नई दिल्ली

कार्मिक मंत्रालय के आदेश के अनुसार केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों के बच्चों के शिक्षा भत्ते (सीईए) और हास्टल सब्सिडी की सीमा को बढ़ा दिया है। सरकार ने यह कदम एक जनवरी, 2024 से प्रभावी हुए महंगाई भत्ते को बढ़ाने की घोषणा के बाद उठाया है। वर्ष 2018 के दिशा-निर्देशों को देखते हुए जब भी महंगाई भत्ते (डीए) में 50 प्रतिशत तक की वृद्धि होगी, हर बार स्वतः ही बच्चों के शिक्षा भत्ते और हास्टल सब्सिडी में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो जाएगी। कार्मिक मंत्रालय के अनुसार वित्त मंत्रालय ने विगत



12 मार्च, 2024 को इसी साल एक जनवरी से केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 50 प्रतिशत का इजाफा प्रभावी हो जाएगा। लिहाजा, विभिन्न क्षेत्रों से बच्चों के शैक्षणिक भत्ते (सीईए) और हास्टल सब्सिडी के बढ़ाए जाने को लेकर संज्ञान लिया गया है। बच्चे का शिक्षा भत्ता प्रति माह 2,812.5 रुपए (फिक्सड) और हास्टल सब्सिडी प्रति माह 8,437.5 रुपए (फिक्सड) होगी।

#### दिव्यांगों के लिए दोगुना

केंद्रीय कर्मचारियों के दिव्यांग बच्चों के लिए शिक्षा भत्ता सामान्य से दोगुना होगा। मौजूदा समय में सामान्य दर 5,625 रुपए प्रति माह (फिक्सड) है। सभी केंद्रीय मंत्रालयों को जारी किए गए आदेश में बताया गया है कि दिव्यांग महिलाओं के चाइल्ड केयर के लिए विशेष भत्ता है। यह प्रति माह 3,750 रुपए प्रति माह (फिक्सड) है। यह सभी बढ़ोतरी एक जनवरी 2024 से लागू हैं।

### कनाडा के उप उच्चायुक्त तलब

# पीएम जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में लगे खालिस्तानी नारे...भारत सख्त

- खालसा दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मामला आया सामने
- भारत सरकार ने घटना को लेकर जाहिर की चिंता
- कहा- घटना से हिंसा और अपराध के माहौल को मिलेगा बढ़ावा

एजेंसी | कनाडा

कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाए जाने की घटना को भारत सरकार ने गंभीरता से लिया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इस मामले में भारत में कनाडा के उप उच्चायुक्त को तलब किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस कार्यक्रम में अलगवावादी गतिविधियों को जारी रखने की सहमति देने पर चिंता जाहिर की गई है और गंभीर विरोध व्यक्त किया गया है।

बयान में कहा गया है कि यह घटना दर्शाती है कि कनाडा में अलगवावाद, उग्रवाद और हिंसा को किस तरह का राजनीतिक स्थान दिया गया है। यह न केवल भारत और कनाडा के संबंधों को प्रभावित करते हैं, बल्कि इससे कनाडा के नागरिकों के लिए भी हिंसा और अपराध के माहौल को बढ़ावा मिलेगा।

बता दें कि कनाडा में आयोजित कार्यक्रम में खालिस्तानी नारे लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए जाने के बाद से ही भारत में लोग इसे लेकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं।

#### सिख समुदाय के कार्यक्रम में शामिल हुए थे ट्रूडो

रविवार को कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी की। यह वाकया कनाडा की राजधानी टोरंडो में खालसा दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान सामने आया। जैसे ही ट्रूडो संबोधन के लिए आगे बढ़े, भीड़ में खड़े लोगों ने खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी शुरू कर दी। ट्रूडो ने कहा कि उनकी सरकार कनाडा में सिख समुदाय के लोगों के हकों और उनकी आजादी का हमेशा समर्थन करेगी। ट्रूडो ने अपने भाषण की शुरुआत वाहे गुरु का खालसा, वाहे गुरु की फतह करते हुए की।



#### ट्रूडो ने सिख समुदाय को आश्वस्त किया

कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने विविधता के प्रति कनाडा की प्रतिबद्धता व्यक्त की। ट्रूडो ने कहा कि सिख समुदाय के मूल्य और कनाडा के मूल्य और सिद्धांत एक जैसे ही हैं। ट्रूडो ने सत्य, न्याय और करुणा जैसे प्रमुख सिख सिद्धांतों का जिक्र किया। ट्रूडो ने कनाडा में लगभग 800,000 सिख आबादी है। कनाडा सरकार इन सभी लोगों को अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करेगी।

#### भारत-कनाडा के संबंधों में आई तल्खी

ट्रूडो की टिप्पणी भारत और कनाडा के बीच तनावपूर्ण राजनयिक संबंधों के बीच आई है। खासकर भारतीय आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर दोनों देशों के बीच तनातनी है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा निज्जर को आतंकीवादी घोषित किया गया था। निज्जर की मौत के बाद कनाडा ने इसमें भारत की भूमिका होने का आरोप लगाया था। इसके बाद से ही दोनों देशों के बीच संबंधों में तल्खी है। हालांकि दोनों देश आपसी बातचीत से इसे सुलझाने की कोशिश में लगे हैं।

जरूरी खबर

## अमित शाह के वीडियो से छेड़छाड़ की FIR दर्ज



**जयपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के वीडियो से छेड़छाड़ कर उसे सोशल मीडिया पर प्रचारित करने के विरोध में प्रदेश भाजपा की ओर से भी एक्शन लिया गया है। इसके तहत सोशल मीडिया विभाग के राजस्थान प्रदेश सहसंयोजक अजय विजयवर्गीय ने साइबर थाने में लिखित शिकायत दी है। इसमें बताया गया है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के वीडियो को एडिट कर उसे कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किया जा रहा है। इससे सामाजिक सौहार्द बिगड़ने की पूरी संभावना है। प्रार्थना पत्र में मांग की गई है कि इस कृत्य को अंजाम देने वाले शख्स को तुरंत गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की जाए।

## रोडवेज में निशुल्क चिकित्सा शिविर 1 से 7 मई तक

**जयपुर।** राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर 1 से 7 मई तक आगार स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा ने बताया कि कार्मिकों का चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जाएगा। जयपुर जोन में शिविर 1 से 3 मई, भरतपुर जोन में 2 से 4 मई, बीकानेर जोन में 1 से 3 मई, सीकर जोन में 2 से 4 मई, अजमेर जोन में 3 से 5 मई, उदयपुर जोन में 4 से 6 मई, जोधपुर एवं कोटा जोन में 5 से 7 मई को आयोजित होंगे।

## डिस्कॉम श्रमिको को श्रमिक दिवस पर मिलेगा अवकाश




**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम द्वारा एक आदेश जारी कर 'श्रमिक दिवस' के अवसर पर 1 मई को निगम कर्मचारियों के लिए सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। जयपुर डिस्कॉम द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह अवकाश पूर्ववर्ती ग्रेड-पे 1750 से 4200 एवं सातवें वेतन आयोग में वर्णित पे-मेट्रिक्स लेवल-11 तक में वर्गीकृत पदों पर कार्यरत निगम कर्मचारियों को देय होगा। जयपुर डिस्कॉम प्रशासन की ओर से किए गए इस फैसले से श्रमिकों में खुशी की लहर दिख रही है। श्रमिक दिवस के मौके पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इनमें डिस्कॉम के श्रमिक शामिल होंगे।

### लोकसभा चुनाव की शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर

# राज्य में अब तक 1,394 अवैध हथियार जब्त, कार्रवाई जारी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में लोकसभा आम चुना के लिए आमतौर पर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए कड़ी चौकसी बरती जा रही है।

इस कड़ी में मतदान के दो दिन बाद रविवार को राज्य पुलिस ने 8 अवैध हथियारों और 21 कारतूस की बरामदगी की है। राज्य में अब तक 1,394 अवैध हथियार जब्त किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नजर रखने का परिणाम है कि राज्य में चुनाव से जुड़ी गतिविधियों के दौरान शांति रही है। पुलिस ने इस अवधि में 2,646 कारतूस, 4,161 किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ और 7 आईईडी (बम) जब्त किए गए हैं। एक अवैध हथियार निर्माण फैक्ट्री पर छापे की कार्रवाई भी की गई है। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने के साथ ही निर्वाचन विभाग सहित विभिन्न विभागों की मुस्तैदी के चलते राजस्थान में भयमुक्त, निष्पक्ष एवं भेदभाव रहित चुनाव करवाने के लिए हर स्तर पर प्रभावी कदम उठाए गए। राज्य पुलिस ने अवैध हथियारों तथा वांछित अपराधियों की धरपकड़, लाइसेंसी हथियारों को जमा करने तथा चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित कर सकने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर उन्हें पाबंद करने की कार्रवाई की गई।



### अब भी 481 सतर्कता दल सक्रिय

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता के अनुसार, स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रलोभन तथा धन-बल रहित चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए वर्तमान में राजस्थान में 35 अन्त:राज्य और 204 अंतरराज्यीय पुलिस नाकों सहित कुल 239 स्थानों पर निगरानी की जा रही है। साथ ही, प्रदेशभर में कुल 481 सतर्कता दल भी सक्रिय स्थिति में रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश भर में आम सुरक्षा की दृष्टि से कुल 1,62,777 लाइसेंसशुदा हथियारों में से 1,55,666 हथियार विभिन्न पुलिस थानों में जमा करवाए गए हैं। कुल 1,743 हथियार लाइसेंस निरस्त किए गए हैं तथा 51 लाइसेंसी हथियारों को जब्त किया गया है।

### प्रदेश में 1.99 लाख व्यक्ति पाबंद किए गए

राजस्थान पुलिस मुख्यालय की ओर से भारत निर्वाचन आयोग को इस विषय में प्रेषित नवीनतम नियमित रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि के दौरान 1.99 लाख व्यक्तियों को विभिन्न अवांछित गतिविधियों के कारण पाबंद किया गया। कुल 64,089 व्यक्तियों को अपराध प्रक्रिया संहिता की धाराओं 107, 108, 110 एवं 151 आदि के तहत पाबंद किया है। इसी प्रकार, 1,35,316 व्यक्तियों को संहिता की उक्त धाराओं के साथ ही 109 और 116(3) धाराओं के तहत पाबंद किया गया। इस अवधि में 17 लोगों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) सहित अन्य धाराओं में प्रतिबंधित किया गया है।

### श्री गंगानगर में कलेक्टर ने किया डिजिटल बाराबंदी सिस्टम लॉन्च

# किसानों को पारदर्शिता के साथ होगा सिंचाई के पानी का आवंटन

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के सरहदी जिले में सिंचाई पानी के आवंटन के लिए एक नवाचार किया गया है, जिसका लोकापर्ण सोमवार को श्रीगंगानगर में जिला कलेक्टर लोकबंधु ने किया। डिजिटल बाराबंदी सिस्टम के तहत किसानों को सिंचाई पानी के आवंटन में सहूलियत मिलेगी और पारदर्शिता आएगी। इस नवाचार को प्रदेश और देशभर में लागू करने पर विचार किया जा रहा है। बाराबंदी सिस्टम का लोकार्पण करने के बाद जिला कलेक्टर ने बताया कि पूर्व में जल संसाधन विभाग की ओर से मैनुअल कार्य किया जाता था। इससे कई बार किसानों को परेशानी होती थी, लेकिन बाराबंदी ऑनलाइन होने से प्रत्येक किसान को उसके सिंचाई के पानी की स्थिति का सही पता लग सकेगा।

इससे मैनुअल सिस्टम के दौरान होने वाली मानवीय भूल पर रोक लगेगी और पारदर्शिता के साथ सभी किसानों को नियमानुसार सिंचाई पानी का आंवटन होगा। जिला कलेक्टर ने कहा कि डिजिटल बाराबंदी सिस्टम प्रभावी होने से किसानों को फायदा होगा। इससे सिंचाई जल वितरण में पारदर्शिता तो बढ़ेगी ही, साथ में किसानों को सिंचाई पानी की बारी के दौरान आने वाली परेशानियां भी दूर हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि गंगानगर कृषि प्रधान जिला होने की वजह से किसानों को समय पर नहरी पानी नहीं मिलने की शिकायत रहती थी। ऑनलाइन व्यवस्था होने से उनकी ये परेशानी दूर होगी।




### किसान कहीं से भी ले सकेंगे जानकारी

कलेक्टर ने कहा कि बाराबंदी की प्रक्रिया ऑनलाइन होने से किसी भी चक की सिंचाई की बारी की सूचना कभी भी, कहीं से भी ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। चयनित चक की बाराबंदी केवल एक बटन के क्लिक से बनाई जा सकेगी और किसान अपनी सिंचाई बारी की पर्ची पोर्टल के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि बाराबंदी पोर्टल को शत-प्रतिशत पारदर्शीपूर्ण तरीके से क्रियान्वित करते हुए किसानों की सिंचाई जल वितरण की समस्याओं को दूर करने के प्रयास किए जाएंगे।

### सिस्टम देशभर में लागू करने पर विचार

कार्यक्रम में वीसी के माध्यम से जुड़े राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी जितेन्द्र कुमार वर्मा ने कहा कि ऑनलाइन बाराबंदी सिस्टम कम समय में सफलतापूर्वक तैयार करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बाराबंदी सिस्टम को भविष्य में राज्य और देश भर में लागू करने की संभावनाओं को तलाश कर अधिक से अधिक किसानों को लाभान्वित करने के प्रयास किए जाएंगे।

### कोलकाता, धनबाद व रांची में करेंगे प्रचार

# पश्चिम बंगाल और झारखंड के दौरे पर रवाना हुए सीएम




बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में पहले और दूसरे चरण के बाद सभी 25 सीटों पर मतदान प्रक्रिया संपन्न हो गई। प्रदेश में चुनावी शोर खत्म होने के बाद भाजपा अपने वरिष्ठ नेताओं को अन्य राज्यों में चुनाव प्रचार की कमान सौंप रही है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार से ही पश्चिम बंगाल और झारखंड के तीन दिवसीय दौरे के लिए रवाना हो गए।

सीएम भजन लाल कोलकाता, धनबाद और रांची में नामांकन कार्यक्रम और चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पश्चिम बंगाल के दौरे के लिए सुबह 7:15 पर रवाना हो गए। वहां सीएम कोलकाता में श्रीरामपुर लोकसभा प्रत्याशी के समर्थन में रोड-शो और नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे। बाद में मारवाड़ी समाज और मारवाड़ी उद्योगपतियों के सम्मेलन में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री मंगलवार को कोलकाता से झारखंड के रांची जाएंगे। वहां धनबाद में भाजपा उम्मीदवार के नामांकन कार्यक्रम में भाग लेंगे।

इसके बाद प्रत्याशी बुलू महतो के समर्थन, में जनसभा को संबोधित करेंगे। बुधवार 1 मई को मुख्यमंत्री भजनलाल झारखंड के हजारीबाग में लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसभा एवं नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे, उसी दिन शाम को वो जयपुर लौटेंगे। मुख्यमंत्री सोमवार को सुबह 7.15 बजे जयपुर से कोलकाता के लिए रवाना हुए।

### फेसबुक पर लिखा 'कांग्रेस पार्टी से निष्कासित सदस्य'

# अमीन खान का सोशल मीडिया पर छलका दर्द... बदला बायो

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में मारवाड़ के कद्दावर नेता अमीन खान ने रविवार को अपने फेसबुक पेज के बायो में बदलाव करते हुए 'कांग्रेस पार्टी के निष्कासिक सदस्य' लिखा है।

गौरतलब है कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव के समाप्त होने के तुरंत बाद कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री अमीन खान पर को 6 साल के लिए उन्हें निष्कासित कर दिया। दरसअल, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने के आरोप पर अमीन खान को किया है। चर्चाएं हैं कि जिस रविंद्र सिंह भाटी से विधानसभा चुनाव में अमीन खान को हार मिली, वो लोकसभा चुनाव में गुप्त रूप से उन्हीं की मदद में खड़े थे। इसके कारण कांग्रेस ने उन्हें बाहर कर दिया। इसके बाद अब अमीन खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के बायो में बदलाव करते हुए उस पर डिस क्वालीफाई मैंबर ऑफ कांग्रेस यानी कांग्रेस से निष्कासित सदस्य लिखा है।




### सीईओ की अध्यक्षता में हुई जिला परिषद की बैठक में हुआ निर्णय

# पंचायतों में चलेगा स्वच्छता अभियान

बेधड़क | जयपुर

शहर की तर्ज पर डीडवाना के गांवों में भी अब स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए तीन-तीन ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाया जाएगा। ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाया जाएगा।

इसे लेकर डीडवाना जिला परिषद कार्यालय में सीईओ रविंद्र कुमार चौधरी की अध्यक्षता में विशेष बैठक का आयोजन हुआ। इसमें ग्राम पंचायतों को पूर्णतया स्वच्छ बनाने पर जोर दिया गया।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रविन्द्र कुमार चौधरी ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्वच्छ किया जाएगा। इसके लिए ग्राम पंचायतों का एक क्लस्टर समूह बनाकर उनका सामग्र विकास और स्वच्छ किया जाएगा। प्रतिदिन स्वच्छता अभियान चलाकर ग्राम पंचायत में साफ सफाई की जाएगी। गांव के प्रत्येक सड़क और गली, मोहल्ले को साफ सुथरा रखने के लिए कचरा पात्र लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जनता को कूड़ा, कचरा पात्र में ही डालने को प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए एक टीम बनाई जाएगी, जो इसकी मॉनिटरिंग करेगी।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत को पूर्ण रूप से साफ और स्वच्छ घोषित करना इस कार्यक्रम का उद्देश्य है, जिसे हासिल करने के लिए प्रत्येक ग्रामीण जनप्रतिनिधि और पंचायत राज के कर्मचारियों की सहभागिता आवश्यक है। जिला परिषद सीईओ रविंद्र कुमार चौधरी ने कहा कि एसबीएम में मॉडल ग्राम पंचायत है, उन ग्राम पंचायतों का एक कलस्टर समूह बनाकर उनका सामग्र विकास और साफ व स्वच्छ किया जाएगा।



### जालोर से सर्वाधिक 67.83 करोड़ रुपए की जब्ती

# अब तक अवैध सामग्री की जब्ती का आंकड़ा पहुंचा 1000 करोड़ के पास

## आचार संहिता की पालना में दिखाई मुस्तैदी

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान में लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने मार्च महीने की शुरुआत से अब तक नशीली दवाओं, शराब, कीमती धातुओं, मुफ्त बांटी जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) और अवैध नकद राशि के रूप में लगभग 1000 करोड़ रुपए कीमत की जब्तियां की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से संदिग्ध वस्तुओं और धन के अवैध उपयोग पर अलग-अलग एजेंसियां कड़ी निगरानी कर रही हैं। 1 मार्च से अब तक प्रदेश में 982 करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती की गई है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन विभाग के निर्देश पर 16 मार्च से अब तक एजेंसियों द्वारा पकड़ी गई वस्तुओं की कीमत 880 करोड़ रुपए से ज्यादा है। 1 मार्च से अब तक राजस्थान में 5 जिलों में 40-40 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की संदिग्ध वस्तुएं और नकदी आदि जब्त की गई है।



### एजेंसियों से मिली रिपोर्ट में खुलासा

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि अलग-अलग एजेंसियों की ओर से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार इस वर्ष 1 मार्च से अब तक लगभग 40 करोड़ रुपए नकद, 177.07 करोड़ रुपये मूल्य की ड्रग्स, 45.82 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की शराब और लगभग 51.39 करोड़ रुपए मूल्य की सोना-चांदी जैसी कीमती धातुओं की जब्ती की गई है। साथ ही, 666.90 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत की अन्य सामग्री तथा लगभग 90 लाख रुपए मूल्य की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं।

### इन विभागों की रही भूमिका

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध वस्तुओं के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करने वाली कार्यकारी एजेंसियों में राज्य पुलिस, राज्य एक्साइज, नारकोटिक्स विभाग एवं आयकर विभाग प्रमुख हैं। इन जांच एवं निगरानी एजेंसियों और विभागों द्वारा प्रदेश भर में आचार संहिता की अवधि के दौरान कड़ी निगरानी रखी जा रही है और किसी भी संदेहास्पद मामले पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

**जिला वार जब्ती (राशि करोड़ रुपये में):**

| | | | |
|---|---|---|---|
| जालौर: | 67.83 | चित्तौड़गढ़: | 32.55 |
| जोधपुर: | 47.04 | अलवर: | 29.78 |
| चूरू: | 43.08 | टोंक: | 29.72 |
| गंगानगर: | 42.07 | प्रतापगढ़: | 29.43 |
| भीलवाड़ा: | 40.22 | नागौर: | 27.96 |
| जयपुर: | 39.28 | हनुमानगढ़: | 25.42 |
| पाली: | 39.23 | बांसवाड़ा: | 24.94 |
| डूंगरपुर: | 38.53 | कोटा: | 23.88 |
| दौसा: | 36.75 | धौलपुर: | 22.28 |
| उदयपुर: | 36.25 | राजसमंद: | 22.23 |
| बाड़मेर: | 36.46 | अजमेर: | 21.91 |
| झुंझुनूं: | 36.55 | सिरोही: | 21.00 |
| बीकानेर: | 32.97 | झालावाड़: | 20.49 |

## जरूरी खबर

### बद्रीनाथजी मंदिर में भागवत कथा 3 से



**जयपुर।** खजाने वालों का रास्ता स्थित बद्रीनाथजी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 3 मई होगा। इससे पूर्व 2 मई को कलश यात्रा निकाली जाएगी। इसमें 151 महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर शामिल होंगी। आयोजन के पोस्टर का विमोचन सरस निकुंज में शुक सम्प्रदाचार्य पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज एवं संत-मंहतों की ओर से किया गया। इस मौके पर सरस निकुंज के प्रवीण भैया, पंचमुखी हनुमानजी के रामरज दास, परकोटा गणेश मंदिर के अमित शर्मा एवं जांगीड़ ब्राह्मण पंचायत बड़ा बास संस्था के पदाधिकारी नंदकुमार, ताराचन्द्र, रामेश्वर, अशोक एवं रामबिहारी मौजूद रहे। कथा आयोजक राम बिहारी ने बताया कि आयोजन में 3 से 9 मई तक व्यासपीठ से डॉ. प्रशांत शर्मा श्रीमद् भागवत कथा का रसास्वादन करावाएंगे। आयोजन से जुड़े विजयशंकर पांडेय ने बताया कि कथा की पूर्णाहुति एवं भंडारा प्रसादी 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होगी।

### ठाकुर निकुंज बिहारी जी का पाटोत्सव



**जयपुर।** अजमेर रोड स्थित तरुछाया रेजीडेंसी में सोमवार को बी ब्लॉक में ठाकुर श्री निम्बार्क निकुंज बिहारी जी का प्रथम पाटोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर ठाकुर जी का अलौकिक श्रृंगार कर उनका गुणगान किया गया।बांके बिहारी नजर तो हे लग जाएगी... , मथुरा का टिकट करा दे काना..., आदि सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी।

**उपलब्धि...** राम मंदिर की सबसे बड़ी लकड़ी की प्रतिकृति बनाने पर सम्मान

# ग्रेटर मेयर का फिर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्‌र्स में नाम

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर ग्रेटर की प्रथम नागरिक महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर का नाम एक बार फिर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ है। 22 जनवरी को जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर आयोजित रामोत्सव में राम मंदिर की सबसे बड़ी लकड़ी की प्रतिकृति बनाने पर मेयर को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के खिताब से नवाजा गया है।

22 जनवरी 2024 को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। उस दिन जयपुर में भी अयोध्या सा जश्न देखने को मिला था। पूरा शहर भगवा रोशनी से नहाया हुआ था और आसमान में जमकर आतिशबाजी हुई थी। वहीं, जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर हुए रामोत्सव में लकड़ी के भव्य राम मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई थी, जिसे बंगाल से आए 150 कारीगरों ने तैयार किया था. इस आयोजन के दौरान 300 ड्रोन से हवा में भगवान श्रीराम का प्रारूप भी बनाया गया था और सवा लाख दीपकों से महाआरती की गई थी।






### जयपुर के लिए गर्व का विषय

इस आयोजन के दौरान राम मंदिर की जो वुडन रिप्लिका बनाई गई, उसे अब गोल्डन बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया है। इसका प्रमाण पत्र सोमवार को महापौर सौम्या गुर्जर को दिया गया। इस संबंध में सौम्या गुर्जर ने बताया कि 22 जनवरी 2024 को हुए रामोत्सव कार्यक्रम में भव्य राम मंदिर की 35X30 फीट ऊंची प्रतिकृति बनाई गई थी, जिसके लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम की ओर से दिया गया है। उन्होंने बताया कि ये आयोजन पहले ही इतना भव्य हुआ था कि आज भी लोगों के जहन में रचा-बसा हुआ है। अब इस आयोजन में शामिल हुई श्री राम मंदिर की वुडन रिप्लिका को भी वर्ल्ड लेवल पर रिकॉग्नाइज किया गया है, जो जयपुर के लिए गर्व का विषय है।

### पहले भी मिल चुका है सम्मान

आपको बता दें कि इससे पहले भी महापौर सौम्या गुर्जर को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का सम्मान मिल चुका है। बीते महीने महापौर को 2 मार्च से 4 मार्च तक आयोजित किए गए कार्यक्रम में 'एक चिट्ठी मोदी जी के नाम' स्टॉल पर 50 हजार से ज्यादा चिट्ठियां महिलाओं की ओर से लिखे जाने पर ये खिताब दिया गया था।

**निजी स्कूल:** स्टूडेंट को बेरहमी से पीटने का वीडियो वायरल

# मालिक के बेटे से झगड़े में कूदा कर्मी, स्टूडेंट की डंडे से पिटाई

■ चित्रकूट पुलिस ने स्टूडेंट्स और दूसरे व्यक्ति पर रिपोर्ट दर्ज की

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के एक प्राइवेट स्कूल के स्टूडेंट को बेरहमी से डंडे से पीटने का मामला सामने आया है। दरअसल, स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स का आपस में झगड़ा हो गया था। एक स्टूडेंट की तरफ से आए युवक ने डंडे से दूसरे पर हमला कर दिया। मामले में चित्रकूट थाना पुलिस ने स्टूडेंट्स और दूसरे व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एएसआई उम्मेद सिंह के जांच रिपोर्ट पेश करने के बाद चित्रकूट थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। रिपोर्ट में बताया कि चित्रकूट स्टेडियम के पास प्राइवेट स्कूल के स्टूडेंट्स के झगड़े का वीडियो मिला था। इसमें एक व्यक्ति स्टूडेंट को डंडे से बेरहमी से पीट रहा है। जांच करने पर जयश्री पेड़ीवाल स्कूल प्रशासन की ओर से लेटर पुलिस को दिया गया।



### ऑफिस के कर्मचारी मौके पर पहुंचे

स्कूल प्रशासन ने लेटर के जरिए बताया कि एक क्लास में पढ़ने वाले तीन स्टूडेंट्स पब्लिक पैलेस पर लड़ाई-झगड़ा कर रहे थे। उन तीनों में से एक स्टूडेंट के पिता के ऑफिस में काम करने वाले कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने मालिक के बेटे का पक्ष लेते हुए दूसरे स्टूडेंट पर डंडे से हमला कर दिया। डंडे से कई वार करने पर वहां मौजूद अन्य लोगों ने हमलावर से स्टूडेंट को बचाया। चित्रकूट नगर थाना पुलिस ने स्कूल लेटर और वीडियो के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली।

### 12वीं क्लास में पढ़ते दोनों बच्चे

एएसआई उम्मेद सिंह ने बताया- स्कूल वालों का कहना है कि तीनों स्टूडेंट्स 12वीं क्लास में पढ़ते हैं। 26 अप्रैल को स्कूल की छुट्टी के बाद किसी बात को लेकर तीनों में झगड़ा हो गया। चित्रकूट स्टेडियम के पास झगड़ा बढ़ने पर रोड पर दो क्लासमेट लड़ने लग गए थे। मौके पर मौजूद लोगों के बीचबचाव करने के दौरान एक युवक झगड़े में कूद गया। युवक डंडे से एक स्टूडेंट को जमकर पीटने लगा। वहां मौजूद लोगों ने समझाइस कर उसे रोका। झगड़े के दौरान लोगों ने वीडियो बना लिया। वीडियो सामने आने के बाद भी स्कूल प्रशासन के शिकायत नहीं देने पर पुलिस ने अपनी ओर से एफआईआर दर्ज की है।

**जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल**

# अंतरराष्ट्रीय मशाल अभियान शुरू



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अंतरराष्ट्रीय मशाल अभियान हैदराबाद से शुरू किया। मशाल अभियान में रमेश प्रसाद, अस्वनी दत्त, श्रीनिवास राव, दामोदर प्रसाद, कल्याण सी, प्रसन्ना कुमार और लगभग 200 फिल्म निर्माता, निर्देशक और सितारों ने भाग लिया।

हैदराबाद के बाद मशाल अभियान जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, ईरान, दुबई और सऊदी अरब, फिनलैंड, स्वीडन, नॉर्वे, इंग्लैंड, पुर्तगाल, स्पेन, फ्रांस, स्विट्जरलैंड, जर्मनी, पोलैंड, ऑस्ट्रिया, इटली, ग्रीस, रोमानिया, कनाडा, संयुक्त राज्य अमेरिका, मैक्सिको, कोलंबिया, ब्राजील, चिली, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका आदि देशों में जाएगा। हनु रोज ने कहा कि अभियान का उद्देश्य विश्व सिनेमा को दुनियाभर में प्रमोट करना और विश्व सिनेमा पर एक सार्थक चर्चा करना है। इस अवसर पर तेलुगु और भारतीय सिनेमा के साथ-साथ विश्व सिनेमा पर रोचक चर्चा का आयोजन किया गया। फिल्म प्रोडूसर प्रसन्ना कुमार ने कहा कि जिफ का ये टॉर्च कैंपेन अपने आप में अद्भुत है। सिनेमा को आगे लेकर जाने का एक सबसे बड़ा माध्यम है। तेलुगु सिनेमा को टॉर्च कैंपेन से जोड़कर आज जिफ और टॉर्च कैंपेन ने तेलुगु सिनेमा का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

**सिविल लाइंस स्थित आवास पर मीडिया से बोले शिक्षा मंत्री...**

# कोचिंग सेंटर ही दोषी हो, ऐसा नहीं है

**बेधड़क** | जयपुर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि स्टूडेंट्स के सुसाइड में मां-बाप भी दोषी हैं। स्टूडेंट की संगत भी दोषी है। कई बार गलत संगत में पड़ जाते हैं। प्यार में विफल होना भी एक कारण हो सकता है। सब सुसाइड का कारण कोचिंग ही है, यह मैं नहीं मानता हूं।

शिक्षा मंत्री सिविल लाइंस स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मदन दिलावर ने कहा कि स्टूडेंट के सुसाइड में एक ही पक्ष (कोचिंग) को दोषी ठहराना ठीक नहीं है। हर मामले में कोचिंग सेंटर ही दोषी हो, ऐसा नहीं है। कुछ प्रतिशत मामलों में ऐसा हो सकता है। सुसाइड के पीछे अन्य कारण भी हो सकते हैं। दिलावर ने कहा कि माता-पिता बच्चे की पढ़ने की क्षमता से ज्यादा उससे अपेक्षा करते हैं। उसके कारण से बच्चा डिप्रेशन में चला जाता है। उसकी इतनी कैपेसिटी ही नहीं होती है। वह कहता है कि पेरेंट्स मुझसे बार-बार पूछते हैं, मैं कहां से रैंक लाऊं। कई बार देखा गया है कि जान देने से पहले बच्चे सुसाइड नोट लिखकर जाते हैं कि मम्मी-पापा मैं आपकी इच्छा पूरी नहीं कर पाया। जो आपने लक्ष्य दिया, उसे पूरा नहीं कर पाया। इसलिए मैं जा रहा हूं। ऐसे कई मामले आते हैं।



### CISF ने संभाली ईडी की सुरक्षा




दो एजेंसियों में सहमति
ईडी की सुरक्षा करेगा सीआईएसएफ!
ईडी पर प्रदर्शन

प्रकाशित समाचार

*जयपुर। भारत सरकार की केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) की सुरक्षा व्यवस्था जिम्मेदारी अब सीआईएसएफ के जवानों ने संभाल ली है। छह सदस्यीय दल हर समय इसकी सुरक्षा में तैनात रहता है। गौरतलब है कि केंद्र की भाजपा सरकार पर विभिन्न विपक्षी दल जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए प्रवर्तन निदेशालय को सहयोग नहीं करते थे और प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के दौरान को कोई सुरक्षा व्यवस्था नहीं मिल पाती थी। गैर भाजपा राज्य सरकार सरकारों में बंगाल सहित कुछ राज्यों में तो प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों के साथ मारपीट की नौबत तक आ जाती थी। सच बेधड़क अखबार ने लगभग 1 साल पहले इस खबर को प्रमुखता से छापा था।*

**फोटो: राजेश कुमावत**


**स्थानीय व्यापारियों का बिल्डिंग में अवैध निर्माण का आरोप**

# बोर्ड लगाने बाहर निकले बुजुर्ग पर गिरा फंटा, सिर में चोट लगने से मौत

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में निर्माणाधीन बिल्डिंग से लकड़ी का टुकड़ा एक व्यक्ति के ऊपर गिरने से उसकी मौत हो गई। मृतक झोटवाड़ा एरिया में अपनी दुकान खोलने के बाद बोर्ड लगाने बाहर निकला था। वह बोर्ड लगाकर वापस ही आ रहा था कि शटरिंग में काम आने वाली लकड़ी की प्लेट का बड़ा हिस्सा उसके सिर पर गिर गया। इससे वह गंभीर घायल हो गया। हॉस्पिटल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। झोटवड़ा थाना के जांच अधिकारी प्रभु सिंह ने बताया- कालवाड़ रोड सिंधी कॉलोनी निवासी त्रिलोकचंद (72) रविवार सुबह अपनी दुकान खोलने के लिए झोटवाड़ा में रघुनाथपुरी कॉलोनी में बने केके टॉवर में आए थे। इसी कॉम्प्लेक्स में चौथी मंजिल पर निर्माण का काम चल रहा है। छत डालने के लिए शटरिंग लगी हुई थी। तभी मजदूरों से शटरिंग में काम आने वाला फंटा गिर गया। वह सीधे त्रिलोकचंद के सिर पर गिरा।





### सुरक्षा का ध्यान नहीं रखने का आरोप

पुलिस को स्थानीय लोगों ने बताया-त्रिलोकचंद दुकान खोलने के बाद अपनी दुकान का बोर्ड लगाने बाहर आए थे। बोर्ड लगाकर जैसे ही वह दुकान के अंदर जाने लगे तभी ये हादसा हो गया। लोगों का आरोप है कि चौथी मंजिल का काम करने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण ये हादसा हो गया।

### हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत

मौके पर मौजूद लोगों ने घायल त्रिलोकचंद को निजी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे शास्त्री नगर स्थित कावंटिया हॉस्पिटल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान त्रिलोकचंद ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि बिल्डिंग में अवैध निर्माण हो रहा है। इसकी शिकायत नगर निगम ग्रेटर में की थी। शिकायत पर निगम की टीम 10 दिन पहले मौके पर आई थी, लेकिन टीम ने यहां कोई कार्रवाई नहीं की।

## जरूरी खबर

### राज्यपाल ने की रेड क्रॉस पदाधिकारियो से चर्चा



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को बीकानेर में रेड क्रॉस जिला इकाई के पदाधिकारियो से संवाद कर उन्हें रेड क्रॉस से संबंधित आमजन को लाभान्वित किए जाने वाली योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने जिला इकाई के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के बारे में भी जानकारी ली। रक्तदान, आम जन चिकित्सा सहायता आदि के लिए कार्य करने का आह्वान किया। रेडक्रॉस के विजय खत्री और राजेंद्र जोशी ने उन्हें रेडक्रॉस के कार्यों के बारे में जानकारी दी।

### मासिक समीक्षा बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा

**चाकसू।** कस्बे के उपजिला अस्पताल में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में चिकित्सा विभाग के समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेंद्र गोयल ने गर्मी के मौसम मे होने वाली बीमारियों तथा लू- तापघात से बचाव के संबंध मे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा नियमित टीकाकरण, परिवार कल्याण, महिला एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौम्य पंडित, समन्वय डॉ. कामेश्वर सिंह, कार्यक्रम प्रबंधक कन्हैया लाल यादव आदि उपस्थित रहे।

### अरशद और सारा ने ख्वाजा के दर पर मांगी दुआ



**अजमेर।** बॉलीवुड की आगामी फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' की शूटिंग के लिए सोमवार को फिल्म के कई कलाकार अजमेर पहुंचे। इसमें मुख्य किरदार निभा रहे अभिनेता अरशद वारसी और अभिनेत्री सारा हाशमी भी पहुंचे। दोनों कलाकारों ने अलग-अलग समय पर ख्वाजा साहब की दरगार जियारत की। अरशद ने सुबह दरगाह पहुंचकर जियारत की। खादिम सैय्यद जियाऊद्दीन चिश्ती ने अरशद की दस्तारबंदी कर तबर्रुक भेंट किया। वहीं अभिनेत्री सारा दोपहर में दरगाह जियारत के लिए पहुंचीं। उन्होंने गरीब नवाज की बारगाह में अकीदत के फूल और मखमली चादर पेश की। इसके बाद उन्होंने जन्नती दरवाजे पर मन्नत का धागा भी बांधा।

## उदयपुर के पिछोला झील में पर्यटकों के लिए इलेक्ट्रिक बोट का जल्द किया जाएगा संचालन

# अब इको फ्रेंडली बोट से भ्रमण का आनंद ले सकेंगे सैलानी

**बेधड़क** | उदयपुर



देश-दुनिया में अपनी खूबसूरती के लिए मशहूर झीलों की नगरी उदयपुर में आने वाले पर्यटकों को एक और सौगात मिलने जा रही है। उदयपुर की खूबसूरत पिछोला झील में अब पर्यटक इको फ्रेंडली बोट में बैठकर भ्रमण का आनंद ले सकेंगे। यहां पहली बार बैटरी ऑपरेटेड इको बोट का संचालन किया जाएगा।

उदयपुर नगर निगम की ओर से अनुबंधित फर्म की तीन बोट को पिछोला झील में उतारा गया है। इनका जल्द ही संचालन किया जा सकेगा। इससे पर्यटकों को सुरक्षित सफर के साथ ही इको फ्रेंडली माहौल मिल सकेगा। इसके साथ ही झील को भी प्रदूषण से बचाया जा सकेगा। झीलों की नगरी में आने वाले सैलानियों को जल्द ही इस सुविधा का लाभ मिल सकेगा। जानकारी के अनुसार झील में एक दर्जन से अधिक इलेक्ट्रिक बोट उतारी जाएगी। इसमें यात्री क्षमता भी अधिक होगी। इससे पर्यटकों को नाव की सवारी के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### तीन बोट पहुंची, 13 और आएगी

नगर निगम की गैरेज समिति के अध्यक्ष मनोहर चौधरी ने बताया कि झील को प्रदूषण से बचाने के लिए नगर निगम ने झील में इलेक्ट्रिक बोट के लिए प्रयास शुरू किया। उन्होंने बताया कि अब तक तीन बोट आ चुकी है। वहीं 13 बोट और तैयार होकर आएंगी। लाइसेंस और फिटनेस प्रकिया पूरी होने की साथ ही पर्यटकों के लिए इसका संचालन शुरू कर दिया जाएगा। झील में नौकायन के लिए किए गए नए अनुबंध में सिर्फ इको फ्रेंडली बोट संचालन की शर्त रखी गई थी। इसके तहत अनुबंधित फर्म शिवा कॉर्पोरेशन कोरल एसोसिएट ने मुंबई से तीन बैटरी ऑपरेटेड बोट मंगवाई है। इनमें दो बोट 20-20 और एक 30 लोगों की क्षमता वाली विशेष बोट होंगी।

### हाई कोर्ट की सख्ती के बाद उठाया कदम

झीलों को प्रदूषण से बचाने के लिए हाइकोर्ट की सख्ती के बाद निगम ने बैटरी से संचालित इको फ्रेंडली नावों के संचालन का ही ठेका किया था। इसे ध्यान में रखते हुए ठेका कम्पनी ने ये बोट मंगवाई हैं। नगर निगम की ओर से निविदा शर्तों के मुताबिक झील में नावों की संख्या पहले से कम की गई है। पेट्रोल-डीजल से चलने वाली 18 नावों की जगह अब 15 इको फ्रेंडली नाव चलेंगी। पर्यटकों के लिए दो विशेष नाव भी होंगी। झील में नाव का रूट निर्धारित होगा। अभी तक पेट्रोल संचालित 78 नाव चल रही थी। इन बोट के संचालन से झीलों को प्रदूषण से बचने में अहम रोल होगा।

## चित्तौड़गढ़ में नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# 22 लाख रुपए का डोडा-चूरा और 17 लाख की अफीम बरामद

**बेधड़क** | चित्तौड़गढ़



नशा तस्करी रोकने के लिए पुलिस की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस ने चित्तोड़गढ़ जिले में दो बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए लाखों रुपए कीमत के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। वहीं एक कार्रवाई में दो तस्करों को भी दबोचा है।

जानकारी के अनुसार जिले के भैंसरोडगढ़ थाना पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ सोमवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 224 किलो डोडा-चूरा बरामद किया है। जब्त डोडा चूरा की ब्लैक मार्केट में अनुमानित कीमत करीब 22 लाख से अधिक बताई जा रही है। कार सवार पुलिस को देखकर मौके पर कार छोड़कर भागने में सफल रहे।

कार के रजिस्ट्रेशन और चेसिस नंबर के आधार पर पुलिस तस्करों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के अनुसार जिले मे चलाए जा रहे ऑपरेशन नार्कोस के तहत एएसपी रावतभाटा भगवत सिंह हिंगड़ और डीएसपी रावतभाटा प्रभुलाल कुमावत के सुपरविजन में सोमवार को भैंसरोडगढ़ थानाधिकारी मोहन सिंह ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस की नाकाबंदी में धागड़मउकलां से सुखपुरा की तरफ जाने वाले रोड पर एक गाड़ी को रोकने का इशारा किया गया, तो चालक पुलिस को देखकर नाकाबंदी से पहले ही कार छोड़कर मौके से भाग गया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो कार में रखे 15 कट्टों में 224 किलो डोडा-चूरा भरा मिला। डोडा चूरा और कार को पुलिस ने जब्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना भैंसरोड़गढ़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### बाइक पर ले जा रहे 17 लाख की अफीम पकड़ी, दो गिरफ्तार

उधर जिले की साडास थाना पुलिस ने भी अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो अलग-अलग मोटर साइकिल सवार लोगों के कब्जे से 1.740 किलोग्राम अफीम जब्त की है। जब्त अफीम की ब्लैक मार्केट में कीमत करीब 17 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बाइक जब्त कर ली है। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि एएसपी परबत सिंह और वृताधिकारी गंगरार रविन्द्र प्रताप सिंह के सुपरविजन में मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन नार्कोस के तहत थानाधिकारी साडास कैलाशचन्द पालीवाल ने पुलिस टीम के साथ बावड़ी वाले बालाजी मंदिर साडास से मोटलियास रोड पर नाकाबंदी की थी। इसी दौरान दो अलग-अलग मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति आए, जिन्हें रुकवा कर चैक किया गया, तो दोनों के पास 1 किलो 740 ग्राम अफीम मिली।

#### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

अवैध अफीम और दोनों मोटर साइकिल को जब्त कर आरोपी मादूलाल (40) और नारायण लाल (54) को गिरफ्तार किया गया है। मामले में थाना साडास पर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल राधेश्याम, कांस्टेबल मनीष कुमार पुलिस थाना साडास की विशेष भूमिका रही। बता दें कि पुलिस अधीक्षक के आदेश अनुसार मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लंबे समय से अभियान चलाया जा रहा है।

## चिकित्सा सेवाएं हुई प्रभावित

# चिकित्साकर्मियों से अभद्र व्यवहार पर चार घंटे कार्य बहिष्कार



**बेधड़क** | चाकसू

कस्बे में स्थित उपजिला अस्पताल में सोमवार को चिकित्साकर्मियों और मरीज के परिजनों के बीच हुए विवाद का मामला गरमा गया। घटना से नाराज चिकित्साकर्मियों ने करीब 4 घंटे कार्य बहिष्कार किया और कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दी है। चिकित्साकर्मियों के कार्य बहिष्कार के चलते यहां चिकित्सीय व्यवस्था प्रभावित हुई। इसके चलते उपचार के लिए आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा और कई मरीजों को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। अस्पताल के प्रभारी डॉ. रितुराज मीणा सहित चिकित्साकर्मियों का आरोप है कि रविवार रात कार्यरत डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ के साथ मरीज के परिजनों ने अभद्रता और हाथापाई की। उन्होंने डॉक्टर्स पर जबरन उपचार करवाने का दबाव भी डाला। जब सोमवार को ओपीडी समय में हाथापाई और अभद्रता की जानकारी लगने पर अस्पताल में कार्यरत चिकित्साकर्मियों में रोष व्याप्त हो गया। इसके बाद गुस्साए चिकित्साकर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया।

अस्पताल के प्रभारी डॉ. रितुराज मीणा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पुलिस को रिपोर्ट दी गई है। उनकी गिरफ्तारी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान पुलिस थाने में बीसीएमएचओ डॉ. सोम्य पंडित, डॉ. शंकर प्रजापति, डॉ. रविंद्र नारोलिया, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. रेखा शर्मा सहित अन्य चिकित्सक, नर्सिंग एवं मेडिकल स्टाफ मौजूद था। बाद में थाना प्रभारी कैलाश दान ओर से समझाइश करने पर चिकित्सकों ने काम शुरू किया।

## पीहर पक्ष ने लगाया दहेज प्रताड़ना का आरोप

# विवाहिता ने फंदे पर झूलकर दी जान

**बेधड़क** | चाकसू



कोटखावदा इलाके के विमलपुरा गांव में सोमवार को 21 वर्षीय विवाहिता ने पंखे पर फंदे से झूलकर मौत को गले लगा लिया। पीहर पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक मृतका की शादी को करीब सालभर हुआ है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मृतका के चाचा शंकरलाल मीणा ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। कोटखावदा थाना प्रभारी अब्दुल वहीद ने बताया कि निवाई थाने के ढाणी जुगलपुरा की 21 वर्षीय विवाहिता पूजा की शादी मई 2023 में विमलपुरा गांव निवासी रामोतार के साथ हुई थी। सोमवार को पूजा ने अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पूजा को फंदे से लटका देख ससुराल पक्ष के लोगो ने उसे नीचे उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस व मृतका के पीहर पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। पीहर पक्ष ने ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल मामले की जांच चाकसू एसीपी सुरेंद्र सिंह कर रहे हैं।

## गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती, साथियों की तलाश

# किन्नर से हैवानियत, लहूलुहान हालत में मिला

**बेधड़क** | सीकर



श्रीमाधोपुर के अरणिया गांव में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाला एक मामला सामने आया है। यहां मुख्य सड़क पर एक किन्नर लहूलुहान हालत में मिला। किन्नर की हालत गंभीर होने के कारण उसे सीकर रेफर कर दिया गया।

नीमकाथाना एसपी प्रवीण ने बताया कि सोमवार सुबह किन्नर मुख्य सड़क के पास लहूलुहान हालत में मिला। उसके साथ निर्भया जैसी हैवानियत की गई है। लोगों की सूचना पर श्रीमाधोपुर थाने की टीम को मौके पर भेजा गया। पुलिस ने किन्नर को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत बहुत अधिक नाजुक होने कारण उसे सीकर रैफर कर दिया गया। किन्नर के परिजनों को घटना की जानकारी दी गई। बताया जा रहा है कि वह जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना इलाके की रहने वाली है और अपने दो दोस्तों के साथ घूमने निकली थी। संभवतः इन लोगों के बीच में कोई विवाद हुआ, इसके बाद किन्नर के साथ मारपीट की गई। उसके प्राइवेट पार्ट को लकड़ी से डेमेज कर दिया गया। उसके गुप्तांगों में से लगभग 6 से 7 इंच की एक लकड़ी भी बाहर निकाली है।

बहरहाल किन्नर का उपचार पुलिस के लिए पहली प्राथमिकता है। इसलिए पुलिस की एक टीम उसे सीकर लेकर गई है और दूसरी टीम उन युवकों को तलाश रही है, जो पीड़िता के साथ आए थे।

## 11 लोगों की हालत नाजुक

# बेकाबू होकर टेंपो पलटा... 25 लोग घायल, एक की मौत

**बेधड़क** | झुंझुनू

जिले के सूरजगढ़ थाना क्षेत्र के जीणी ग्राम स्थित पेट्रोल पंप के करीब सोमवार को एक टेंपो बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में चालक समेत 25 लोग घायल हो गए। इसमें से 11 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, गंभीर रूप से घायलों को जिले के बीडीके अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त सोनू (24) के रूप में हुई है, जो चूरू के खिमाणिया का रहने वाला था। सूरजगढ़ थाने के हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार ने बताया कि लोडिंग टेम्पो रफ्तार काफी तेज थी। इसी वजह से टेंपो बेकाबू होकर पलट गया। हादसे में 12 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद झुंझुनू के बीडीके अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां 11 की स्थिति गंभीर बनी हुई है और सभी का इमरजेंसी वार्ड में इलाज जारी है।

शेष सभी का सूरजगढ़ के सरकारी अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि सभी टेम्पो सवार छोटी थिरपाली (चूरू) से भीर गांव (झुंझुनू) जा रहे थे। सभी को भीर में रिश्तेदार की बैठक में शामिल होना था। इसी बीच जीणी में पेट्रोल पंप के पास टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया।




### घायलों की हुई शिनाख्त

पुलिस ने घायलों में की शिनाख्त की है। इस हादसे में सुनील (25), सोमवीर (38), सुमेर (40), राकेश (30), पवन (42), भुवनेश (30), भतेरी (50), जोनी (28), सुनीता (30), धर्मवीर (40), गणेश (35), ओमपति (48), रवि (25), सुरेश (35), रामस्वरूप (55), धापली (35), रोशनी (50), कविता (48), स्नेहा (10), अनुष्का (6) और सुशांत (5) घायल हो गए। वहीं, करीब 11 लोगों की हालत गंभीर होने पर झुंझुनू के बीडीके अस्पताल रेफर किया गया है।

### स्कूल बस पलटी, 15 स्टूडेंटस चोटिल

अजमेर। नसीराबाद के समीप ग्राम जटिया के पास एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार 15 छात्र मामूली रूप से घायल हुए हैं, जिनको अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। स्कूल की छुट्टी के बाद बस विद्यार्थियों को जटिया और बलवंता और इनके समीप के गांवों में छोड़ने जा रही थी।



हादसा होते ही ग्रामीणों की मदद से सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित बस से बाहर निकल लिया गया। घटना की सूचना मिलते ही नसीराबाद सदर थाना प्रभारी प्रहलाद सहाय भी मौके पर पंहुच गए। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। नसीराबाद सदर थाना प्रभारी ने बताया कि स्कूल की छुट्टी के बाद बस बच्चों को घर छोड़ने के लिए जा रही थी। दांता के नजदीक बस पलट गई। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया बस का स्टीयरिंग जाम होने के कारण हादसा होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस अपने स्तर पर जांच कर रही है।

# श्रेष्ठ पत्रकारिता के लिए प्रभाष नारनोलिया सम्मानित



**रिंगस।** लक्ष्मणगढ़ पत्रकार संघ के सचिव व पत्रकार प्रभाष नारनोलिया को श्रेष्ठ पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया गया। शेखावाटी पत्रकार संस्थान के तत्त्वावधान में पलसाना के संत मनोहरशरण दास महाराज के सान्निध्य में रींगस के एक होटल में आयोजित कार्यक्रम उन्हें ये सम्मान दिया गया।

राज्य के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद सुमेधानंद सरस्वती व विधायक सुभाष मील ने पत्रकार नारनोलिया को दुपट्टा, शॉल व प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के निजी सचिव प्रमोद शर्मा, पीआरओ पूरन सिंह, आरसीए के पूर्व सचिव सुभाष जोशी, रींगस नगरपालिका के उपाध्यक्ष अमित शर्मा, स्वतंत्रता सेनानी कालिदास स्वामी, शेखावाटी पत्रकार संस्थान के सरंक्षक प्रदीप शर्मा, शेखावाटी पत्रकार संस्थान के अध्यक्ष बी एल सरोज सहित शेखावाटी की नामचीन हस्तियां मौजूद थी।

### सांगानेर पंचायत समिति के जगन्नाथपुरा की राजकीय उप्रा विद्यालय के खस्ताहाल, दहशत के साए में हो रही पढ़ाई

# कैसे पढ़ेगा और बढ़ेगा इंडिया, जब स्कूल की बिल्डिंग ही घटिया !

**बजरंग लाल बुनकर** | बेधड़क

जयपुर । राजधानी जयपुर से मात्र 20 किलोमीटर दूरी पर स्थित सांगानेर पंचायत समिति की जगन्नाथपुरा ग्राम की राजकीय उप्रा स्कूल में बच्चों के भविष्य व शिक्षा के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

आलम यह है कि स्कूल किसी भी वक्त धराशाई हो सकती है। स्कूल भवन के नाम पर सिर्फ खंडहर जगह है। इसका मात्र हाथ लगाने मात्र से छत का मलबा गिर जाता है। बावजूद इसके जर्जर हो चुके भवन में ही स्कूल चलाया जा रहा है। मजबूरी में स्कूले बच्चे भी जान की बाजी लगाकर पढ़ रहे हैं। ऐसे में जिम्मेदारों से सवाल है कि जर्जर और बरसात में टपकती छतों के नीचे जैसी घटिया सुविधा में बच्चे 'पढ़ेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया' स्लोगन को कैसे चरितार्थ करेंगे।

स्कूल प्रशासन ने कई बार शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर स्कूल की मरम्मत कराने या नया स्कूल भवन बनाने की मांग की। लेकिन इस कोई निर्णय लिया जा रहा है। हर दिन जर्जर कमरों में शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हो रहे हैं। स्कूल प्रधानाचार्य सीताराम रैगर का कहना है उच्चाधिकारियों के पास स्कूल के संबंध में निरंतर पत्राचार किया जा रहा है।



"स्कूल की बिल्डिंग 20-25 साल पूरानी है और जर्जर हो चुकी हैं। हमारी इंजीनियरों की टीम ने मौके पर जाकर स्थिति देखी थी। लेकिन इसका कार्य पंचायत मद से नहीं हो सकता। यह कार्य शिक्षा विभाग के बजट से ही पूर्ण हो पाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग व उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है।

**-ज्योति प्रजापत,** विकास अधिकारी, सांगानेर

#### बना रहता है जान को खतरा

पिछले 5 वर्षों से भवन की छत जर्जर हो चुकी है। कुछ दिन पहले प्लास्टर का एक हिस्सा पढ़ाई कर रहे बच्चों पर गिर गया। गनीमत रही कि कोई बच्चा चोटिल नहीं हुआ। दरअसल जयपुर जिले से सटा यह स्कूल एक दूसरे स्कूल के लिए एक नजीर होना चाहिए। लेकिन यहां तो स्थिति उलट है।

#### 80 बच्चों का है नामांकन

राउप्रावि जगन्नाथपुरा के भवन के जर्जर कमरों की टपकतीं छतें और उसके नीचे शिक्षा ग्रहण करते 80 बच्चों को देखकर लगता है शिक्षा विभाग में इन बच्चों की पीड़ा को लेकर हमदर्दी नहीं है। स्कूल की मरम्मत के लिए कई बार उच्चाधिकारियों से संपर्क किया गया। लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ। स्कूल में प्रधानाचार्य कक्ष के अलावा अन्य 5 कक्ष है। सभी की हालत खस्ता है।

"स्कूल की नई बिल्डिंग का प्रस्ताव बनाकर जिला स्तर पर समसा प्रोजेक्ट के एडीपीसी के पास भेज दिया है। आचार संहिता के बाद वहां से स्वीकृति मिलने पर कार्य शुरू करवाया जाएगा। क्षेत्रीय विधायक को भी अवगत कराया है। जर्जर अवस्था वाले कमरों में बच्चों को नहीं बैठाकर दूसरी जगह बैठाने के लिए प्रधानाचार्य हो निर्देशित कर दिया है।

**-राजेंद्र बंसल**
सीबीईओ, सांगानेर

## Yuva स्टोरीज



### विद्यार्थियों ने किया राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा

**जयपुर।** पैलेस स्कूल में दो दिवसीय 'द पैलेस MUN'24' का समापन समारोह आयोजित हुआ, जिसमें शहर भर से 450 से अधिक छात्र महत्वपूर्ण वैश्विक मामलों पर चर्चा और बहस करने के लिए एकत्र हुए। इन छात्र-प्रतिनिधियों की विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करने वाली विभिन्न समितियां बनाई गई। इसमें विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों जैसे इच्छामृत्यु पर चर्चा, नैतिक, कानूनी और सार्वजनिक स्वास्थ्य आयामों को समझना, उद्यमी और निवेशक सम्मेलन, सतत उपभोग और उत्पादन, जैविक हथियार और नए युग के युद्ध, डिजिटल युग में प्रेस का नियमितीकरण, और बहुत कुछ पर विषयों पर चर्चा की गई। कॉन्फ्रेंस का मुख्य आकर्षण था ऐतिहासिक माउंटबेटन योजना समिति के अनुकरण में अविभाजित भारत के बारे में एक प्रमुख प्रस्ताव पारित करना रहा। जिसमें विभाजन के प्रस्ताव को दृढ़ता से खारिज कर दिया गया। सम्मेलन की महानिदेशक परीशा लाहोटी ने प्राचार्या उर्वशी वर्मन और पैलेस MUN'24 के मुख्य सलाहकार, शुभम माहेश्वरी को ऐसा मंच प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया, जिससे राजस्थान भर के युवा प्रतिनिधियों को संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली की जानकारी मिली।

### प्रतिभा ने प्राप्त की शिक्षा विषय में पीएचडी

**जयपुर।** जयपुर विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय की ओर से राजधानी निवासी प्रतिभा पारीक को शिक्षा में पीएचडी प्रदान की गई। प्रतिभा ने 'भारतीय शिक्षाविदों के विचारों का वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में अध्ययन' विषय पर पीएचडी प्राप्त की है। प्रतिभा की पीएचडी मिलने पर सभी ने बधाई दी है।





### डॉ. शोभा कोसर को मिला पंडित गिरधारी महाराज कला रत्न अवार्ड

**जयपुर।** जवाहर कला केंद्र में विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य पर नृत्यम् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नृत्यम् कार्यक्रम दो सत्रों में आयोजित हुआ। पहले सत्र में "कथक की परम्परा व नवाचार " विषय पर जयपुर घराने के वरिष्ठ गुरुओं ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में पंडित गिरधारी महाराज, डॉ शोभा कोसर, डॉ शशी सांखला, पंडित फतेह सिंह गंगानी, डॉ. रेखा ठाकुर व डॉ. ज्योति भारती गोस्वामी ने कथक के बदलते स्वरूप पर चर्चा की। विदुषी प्रेरणा श्रीमाली, प्राचीन कला केंद्र के सचिव सजल कोसर, डॉ. स्वाति अग्रवाल, गुरु मंजरी किरण, डॉ स्वाति आिद ने प्रस्तुतियां दी। मंच संचालन प्रणय भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम के अंत में विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान द्वारा " गुरु गिरधारी महाराज कला रत्न अवार्ड " प्रदान करने की घोषणा की गई । अवार्ड में प्राचीन कला केंद्र चंडीगढ़ की रजिस्ट्रार डॉ शोभा कोसर को 51 हजार रुपये , ताम्रपात्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।



### सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव व गुड टच बैड टच के बारें में दी जानकारी

**जयपुर।** सेफ पिंकसिटी मिशन के शानदार प्रयासों की श्रंखला में सोमवार को इंडिया इंटरनेशनल स्कूल मानसरोवर में स्पर्श के प्रणेता व संरक्षक नवीन जैन की लीडरशिप के साथ टीनएज स्टूडेंट्स के विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। जैन ने सोशल मीडिया के फायदे एवं नुकसान को बहुत बारीकी से समझाते हुए बच्चों को नकारात्मकता से दूर रहने और सकारात्मकता को अपने व्यक्तित्व में आत्मसात करने की नसीहत दी। जैन ने बताया कि राजस्थान में अगस्त माह में सुरक्षित स्कूल सुरक्षित राजस्थान के माध्यम से 65 लाख बालक बालिकाओं को गुड टच, बैड टच की अवधारणा से लाभान्वित किया जा चुका है। इन दो सत्रों के दौरान 1000 से भी अधिक विद्यार्थी संवेदनशील व गंभीर विषय पर लाभान्वित हुए। सत्र के अंत में विधालय की वरिष्ठ उपप्राचार्य निधि मिश्रा ने नवीन जैन वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ. रचना शर्मा, प्रतिभा कौशिक एवं आकांक्षा जैन भी मौजूद रहे।

### तकनीकी विवि के दीक्षांत समारोह में बोले राज्यपाल

# तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्यों की आवश्यकता: मिश्र



**बेधड़क** | बीकानेर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने तकनीकी शिक्षा में मानवीय मूल्यों को जोड़ते हुए पारंपरिक भारतीय ज्ञान के आलोक में शोध की मौलिक संस्कृति को बढ़ावा दिए जाने पर जोर दिया है।

उन्होंने विश्वविद्यालयों तकनीकी शिक्षा के जरिए देश के संसाधनों से स्थानीय उत्पादों के निर्माण की संस्कृति निर्माण किए जाने का भी आह्वान किया है। वे बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी, वैदिक भारत के शाश्वत सिद्धांतों को आधार बनाकर ऐसे नवाचार करें, जो प्रकृति के अनुकूल हों। विश्वविद्यालयों में इस तरह के शोध और अनुसंधान हों, जिससे देश के संसाधनों से स्थानीय उत्पादों का निर्माण हो सके।

#### नई शिक्षा नीति में शोध को प्राथमिकता

राज्यपाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति में शोध और अनुसंधान की मौलिक परंपरा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसी के अनुरूप भारतीय पारंपरिक ज्ञान को केंद्र में रखकर आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाए। तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी मानव कल्याण के उद्देश्य के साथ युगानुकूल हो। विकसित भारत की शिक्षा का दृष्टिकोण विज्ञान, प्रौद्योगिकी, भारतीय दर्शन और नवाचार के प्रतीक के रूप में होना चाहिए।

#### दूसरी भाषाओं में भी हो काम

उन्होंने कहा कि आज भी हमारे यहां वैज्ञानिक, तकनीकी और चिकित्सकीय शिक्षा अंग्रेजी में ही दी जाती है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत भारत सरकार द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन की पहल की गई है। इसका उद्देश्य अंग्रेजी के साथ दूसरी भाषाओं में वैज्ञानिक, तकनीकी और चिकित्सकीय शिक्षा के पाठ्यक्रमों को सुलभ करवाना है।

#### महाराजा गंगासिंह को किया याद

राज्यपाल ने कहा कि बीकानेर में प्रौद्योगिकी विकास का भी अहम इतिहास रहा है, यहां के दूरदर्शी पूर्व महाराजा गंगासिंह ने वर्ष 1926 में रेल संसाधन बढ़ाने और उन्नत सिंचाई के लिए गंगनहर लाने जैसे ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा कि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर के गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर नए शोध संदर्भों में नए आयाम स्थापित करेगा। विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के अनुरूप ऐसे पाठ्यक्रम विकसित करें, जिसमें हमारे प्राचीन ज्ञान के संदर्भों के साथ आधुनिक वैश्विक ज्ञान का समन्वय हो।

#### जमुना संस्कृति और पाटा संस्कृति देशभर के लिए मिसाल

राज्यपाल ने बीकानेर साहित्यिक परम्परा को रेखांकित किया और परम्परागत ज्ञान को आगे बढ़ाने में डॉ। छगन मोहता, हरीश भादाणी, रामदेव आचार्य और यादवेंद्र शर्मा जैसे साहित्यकारों के योगदान का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि इनके सृजन सरोकारों ने मानवता को निरंतर लाभान्वित किया है। उन्होंने बीकानेर की गंगा जमुना संस्कृति और यहां की पाटा संस्कृति को भी देशभर के लिए मिसाल बताया।

#### डिग्रियां वितरित की

राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में 11 बालिकाएं हैं। यह संख्या इस बात की द्योतक है कि अवसर मिलने पर बालिकाएं अपने भविष्य के साथ राष्ट्र के भविष्य को भी सुदृढ़ बना सकती हैं। कुलपति प्रो। अम्बरीश शरण विद्यार्थी ने तकनीकी विश्वविद्यालय के नवाचारों की बात कही।

दीक्षांत समारोह में वर्ष 2024 बीआर्क, बी डिजाइन, बीटेक, एमटेक, एमबीए, एमसीए पाठ्यक्रम सहित कुल 20 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। वहीं बीटेक की 2529, बीटेक (ऑनर्स) की 18, एमबीए की 426, एमसीए की 139, एमटेक की 42, बीआर्क की 3, बी-डिजाइन की 14 सहित कुल 3171 डिग्रियां वितरित की।




## इमका की सालाना मीटिंग का आयोजन

**बेधड़क** | जयपुर

भारतीय जनसंचार संस्थान एलुमनाई एसोसिएशन के राजस्थान चैप्टर की सालाना मीटिंग होटल जयपुर में हुई। इसमें राजस्थान भर में अलग अलग क्षेत्र और पदों पर काम कर रहे संस्थान के करीब 30 पूर्व विद्यार्थी एकजुट हुए। भारतीय जन संचार संस्थान के पूर्व विद्यार्थी प्रदेश में कई बड़े पदों पर काम कर रहे हैं। इमका एलुमनाई प्रदेश के मीडिया संस्थान, ब्यूरोक्रेसी, सरकारी पदों पर हैं। कई लोगों ने हाल में पूरे हुए दोनों चरणों के चुनाव पर अपना अनुभव भी साझा किया। इमका ने इस साल अभी तक जयपुर से पहले लखनऊ, अहमदाबाद, गुवाहटी, मुंबई, पटना , देहरादून और दिल्ली में भी सालाना मीटिंग आयोजित की हैं। मीटिंग के दौरान मीडिया की भाषा, शब्द चयन और महिलाओं की स्थिति पर भी विमर्श हुआ। अखबारों में स्थानीय भाषा के इस्तेमाल और संस्कृति को शामिल करने की जरूरत पर जोर दिया गया। इसके अलावा महिला एलुमनी ने हिंदी मीडिया में महिलाओं की उचित भागीदारी नहीं होने और न्यूजरूम का माहौल महिलाओं के लिए बेहतर करने की जरूरत बताई। हालांकि पिछले कुछ सालों में यह काफी सुधरा है, लेकिन अभी भी सुधार की काफी गुंजाइश है।

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने पूल पार्टी का उठाया लुत्फ



**जयपुर।** ग्रैंड सीकर रोड, राजावास स्थित एन.के पब्लिक स्कूल में क्लास नर्सरी से 2 के नन्हें -मुन्ने बच्चों ने पूल पार्टी का लुत्फ उठाया। बच्चों के खेल क्षेत्र, किड्स प्ले जोन में दो फैंसी पूल की व्यवस्था की गयी। नन्हें- मुन्ने बच्चे अपनी क्लास टीचर्स के साथ कतार बद्ध होकर विभिन्न पानी के खेलों का आनंद लेने किड्स प्ले जोन में पहुंचे। पूल में भरे पानी को देखकर उल्लासित बच्चों के चेहरे पर असीम खुशी दिखाई दी। स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ एन सी लूनायच नें बताया कि स्कूल में हर बार ग्रीष्म ऋतु की शुरुआत में बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया जाता है। इस प्रकार की एक्टिविटी से बच्चों में सामाजिकता का विकास परिलक्षित होता है। निदेशक, कुलदीप सिंह नें बताया कि स्टूडेंट्स पूल पार्टी में अपनी क्लास टीचर की निजी देखरेख में भाग लेते हैं एवं बच्चों की सुरक्षा का पूर्ण ध्यान रखा जाता है। स्कूल प्रिंसिपल कविया प्रेमा ने सभी प्राइमरी क्लास की टीचर्स को सफल पूल पार्टी के आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

**वर्ल्ड डांस डे** | **अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस पर नृत्य तरंग कार्यक्रम आयोजित**

# दिव्यांग लोक कलाकारों ने प्रस्तुतियों से जीता दिल

### बॉलीवुड सिंगर रवीन्द्र उपाध्याय ने दी प्रस्तुति

**बेधड़क** | जयपुर

कला मंजर संस्था की ओर से बेस्ट कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड की ओर से उमंग स्कूल, जयपुर के प्रांगण में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम ' नृत्य - तरंग ' का आयोजन किया गया। इसमें दिव्यांग और सामान्य कलाकारों ने एक ही मंच पर एक साथ नृत्य प्रदर्शन किया।




आयोजन के मुख्य अतिथि मेजर जनरल अनुज माथुर, अति विशिष्ट अतिथि डॉ. मृदुल भसीन, दीपक कालरा और विशिष्ट अतिथि अरुण बगड़िया, पूनम बगड़िया ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। अतिथियों की ओर से दीप प्रज्वलन व दृष्टिबाधित बच्ची आकांक्षा जांगिड़ की सुमधुर सरस्वती वंदना से आयोजन की शुरुआत हुई। सुप्रसिद्ध राजस्थानी व बॉलीवुड गायक रवींद्र उपाध्याय विशेष रूप से सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के बीच गीत गाकर समां बांध दिया।

बच्चे और सभी दर्शक उनके साथ जमकर झूमे। सभी बच्चे उन्हें अपने बीच देखकर बहुत उत्साहित हुए।

#### दिव्यांग सुनिल ने लोक नृत्य से जीता दिल

जैसलमेर से दिव्यांग लोक कलाकार सुनील परिहार ने अपने अद्भुत लोक नृत्य से सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने भवाई व मोर नृत्य प्रस्तुत किए। जयपुर से अंकिता महेश्वरी ने राधाकृष्ण रास नृत्य प्रस्तुत कर माहौल कृष्णमय बना दिया। अक्षय भटनागर ने बॉलीवुड गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया और मंच संचालन शिवानी जयपुर की ओर से किया गया। आयोजन की समाप्ति पर संस्था की अध्यक्ष शोभा सक्सेना ने धन्यवाद वक्तव्य दिया। जयपुर से अंकिता महेश्वरी ने राधाकृष्ण रास नृत्य प्रस्तुत कर माहौल कृष्णमय बना दिया।

#### चेहरों की मुस्कान जिंदादिली की पहचान

आयोजन की प्रायोजक बेस्ट कैपिटल की पूनम बगड़िया ने कहा कि इन बच्चों के चेहरे की मुस्कान हमे जिंदादिली से जीना सिखाती है। कार्यक्रम की संयोजक मीनाक्षी माथुर ने बताया कि हमारी संस्था गत तीन वर्षों से उमंग स्कूल में इस दिन ये आयोजन करती आ रही है, भविष्य में इसका और अधिक विस्तार करने की योजना है। आयोजन में स्टाफ व बच्चों के साथ अन्य लोगो ने शिरकत की।

# लोक चेतना और परंपराओं में जीवंत रहेंगे श्रीराम



ऋचा सिंह
साहित्यकार

श्रीराम को सनातन धर्म में विष्णु का अवतार माना गया है। लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजार्चन करते हैं, लेकिन जब हम राम के सम्पूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजा के विषय नहीं हैं। वह अनुकरणीय हैं, हर स्थिति काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होंने कठिन स्थितियों में भी मर्यादा के नूतन आयाम स्थापित किए। राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया। उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं अपितु समान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे। जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हें पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा। राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है, जिसके कारण वह लोक चेतना और परम्परा में सदैव जीवंत रहते हैं। जो लोक में व्याप्त है वह कालजयी है, वही सर्वमान्य है, वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में भी हम पाते हैं कि जन्मोत्सव, विवाह, हवन, कीर्तन, मांगलिक अयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं, उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है।

ऐसे मर्यादा पुरुषोत्तम राम जो लोक के मन में हैं, जो जन-जन के हृदय में बसते हैं। देखें तो राम त्योहार हैं, उल्लास हैं उत्सव हैं,भक्ति हैं, शक्ति हैं, पूजा हैं, ज्ञान हैं, प्रेरणा हैं और जीवन के प्रकाश स्तम्भ हैं। राम केवल जन-जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है। फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो, धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के साथ कर्त्तव्य निर्वहन हो। राम सिर्फ कहने में ही मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं हैं, बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष हैं वह जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं। राम के जीवन आदर्शों को अनुकूल स्थिति में अपने आचरण में लाना जीवन को सरल और सहज बनाता है। राम का जीवन आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मापदंड है जो हर स्थिती में प्रासंगिक हैं । गुरु -शिष्य , राजा -प्रजा, स्वामी -सेवक, पिता -पुत्र, पति -पत्नी, भाई-भाई, मित्र-मित्र के आदर्शों के साथ धर्म नीति, राजनीतिक, अर्थनीति के साथ सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, शौर्य, परोपकार, दान आदि मूल्यों का सुंदर, समन्वित आदर्श रूप राम के संपूर्ण जीवन में समय समय पर देखने को मिलता है।

> *राम का व्यक्तित्व इतना विराट था कि उनमें संपूर्ण प्राणियों के लिए स्नेह और सम्मान का भाव था। राम मनुष्य से ही नहीं पशु ,पक्षियों और प्राकृति के प्रति भी स्नेह और लगाव रखते थे। कुछ प्रसंगों द्वारा हमें यह ज्ञात होता है कि माता सीता का हरण होने के बाद राम पशु पक्षियों और प्रकृति से भी संवाद कर रहे हैं और माता सीता के बारे में पूछ रहे हैं, राम सेतु निर्माण में गिलहरी से संबंधित एक अत्यंत रोचक प्रसंग हैं, ऐसे अनगिनत प्रसंग हमें राम के जीवन से जुड़े हुए दिखाई और सुनाई पड़ते हैं।*

राम के जीवन के पुरुषोत्तम होने की विशेषताओं का संदर्भ रामायण में अनेक स्थानों पर देखने को मिलता है जिसका जीवन में अनुकरण करने पर समरसता पूर्ण समन्वित और खुशहाल व्यक्तित्व का निर्माण होता है। राम का जीवन इतना अदभुत और विशाल है कि उनके जीवन के प्रसंगों को बार-बार देखने और सुनने से भी मन नहीं भरता। आज ज्ञान, विज्ञान , तकनीकी ने कितनी भी प्रगति करली हो लेकिन जब व्यक्ति भावनात्मक रूप से खुद को कमजोर पाता है तब वह श्रीराम के जीवन आदर्शों में ही समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। राम तो प्रभु का अवतार थे लेकिन जब उन्होंने भी मानव शरीर में धरती पर जन्म लिया तब उन्हे भी सामाजिक, पारिवारिक, सांसारिक बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन राम ने हर स्थिति में स्थित प्रज्ञ होकर कभी मर्यादा का उलंघन नहीं किया उनके जीवन में यह विशेष और अनुकरणीय है । राम का जीवन हर मानव के हृदय में मन मस्तिष्क में इसलिए बसा हुआ है क्योंकि उनकी कथाएं लोक में व्याप्त हैं। हजारों वर्षों से राम कथा का जतन एवं संवर्धन कलाओं के माध्यम से ,गीतों के माध्यम से, मंचन के माध्यम से आम जनमानस के बीच होता रहा है। देखा जाए तो लोक संस्कृति के विभिन्न प्रकारों में रामायण प्रदर्शित होता है जिसमें अपनी भिन्न भिन्न परंपराएं ,अपनी विशिष्ठ वेशभूषा , भाषा के साथ जन जीवन के कई आयाम देखने को मिलते हैं, जिससे जनमानस अपने आप को समृद्ध करता आया है। लोकमंगल की भावना में भी राम के जीवन की अनंत कहानियों द्वारा बच्चों में मूल्यों को रोपित करने की परम्परा चली आरही हैं। राम के नाम के सहारे अनंत गीतों, कहानियों, मनोभावों की जनमानस भावाभिव्यक्ति करता आया है। राम केवल लोगों की भावनाओं में समाए हुए देव नहीं है, जिनके प्रति सिर्फ आस्था रखकर पूजा की जाए, बल्कि राम सही मायने में उत्तम पुरुष हैं जो हमें जीवन जीना सिखाते हैं। राम का चरित्र, आदर्श,धर्म पालन, नैतिकता और मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन हमें सदैव प्रेरणा प्रदान करता आया है, इसीलिए जनजीवन हर आयाम में हर कलाओं में राम के जीवन को उनके आदर्शों को प्रकट करता रहा है। राम का जीवन संपूर्ण जनमानस से रिश्ता जोड़कर रखता है। श्रीराम के लिए समाज के सभी वर्ग समान थे, उनके लिए कोई छोटा या बड़ा नहीं था, जैसा हम उनके जीवन में पाते हैं कि निषाद राज केवट, शबरी माता, जटायु बानर सेना इसके उदाहरण हैं। उनके राज्य में सभी वर्गों में समानता और समान अवसर प्राप्त थे, सभी को अपने विचार अभिव्यक्त की स्वतंत्रता प्राप्त थी। राम ने समाज के प्रत्येक वर्ग को आपस में जोड़कर रखने का संदेश दिया उन्होंने प्रेम,भाईचारे का संदेश दिया और इसीलिए मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## अंटार्कटिका में लगातार टूट रहे हैं हिमखंड

# तेजी से बर्फ का पिघलना अच्छे संकेत नहीं



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार
व पत्रकार

> *सेंट्रल वाशिंगटन विवि के पॉल बिनबेरी द्वारा किए गए एक अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक, 'अध्ययन से पहले हमें लगता था कि टॉटेन हिमखंड की बर्फ स्थिर है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के असर के चलते इसकी स्थिरता में बदलाव आ रहा है और तेजी से यह पिघल रहा है। यह सबसे तेज गति से चलायमान हिमखंड है। इसके पिघलने के खतरे ज्यादा हैं। क्योंकि यह यदि अधिक तापमान वाले क्षेत्र में पहुंच गया तो और ज्यादा तीव्रता से पिघलेगा।*

जलवायु परिवर्तन के संकेत अब अंधी आंखों से भी दिखने लगे है। नए शोध बताते हैं कि अंटार्कटिका से हिमखंड तो टूट ही रहे हैं, वायुमंडल का तापमान बढ़ने के कारण बर्फ भी तेजी से पिघल रही है। जलवायु बदलाव का बड़ा संकेत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भी देखने में आया है। बीते 75 सालों में यहां सबसे अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। 24 घंटे में 10 इंच से ज्यादा हुई इस बारिश ने रेगिस्तान के बड़े भू-भाग को दरिया में बदल दिया है। मौसम विभाग द्वारा मिले संकेतों के चलते यूएई का प्रशासन सर्तक था। इस कारण जन एवं पशुहानि तो नहीं हुई, लेकिन तबाही का मंजर आधुनिक कहे जाने वाले शहरों में देखने में आया। सड़कों पर तैरती नजर आईं, वहीं दुनिया का सबसे व्यस्त दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एक बड़े तलाब में बदल गया। भारत समेत अनेक देशों ने अपनी हवाई यात्राओं पर विराम लगा दिया और यात्रियों को चेताया कि फिलहाल दुबई बहरीन, कतर और सऊदी अरब जैसे देशों में न जाएं। इधर 1986 में अंटार्कटिका से टूटकर अलग हुआ जो हिमखंड स्थिर बना हुआ था। वह अब 37 साल बाद समुद्री सतह पर बहने लगा है।



उपग्रह से लिए चित्रों से पता चला है कि करीब एक लाख करोड़ टन वजनी यह हिमखंड अब तेज हवाओं और जल धाराओं के चलते अंटार्कटिका के प्रायद्वीप के उत्तरी सिरे की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यह हिमखंड करीब 4000 वर्ग किमी में फैला हुआ है, आकार में यह मुंबई के क्षेत्रफल 603 वर्ग किमी के करीब छह गुना बड़ा है। इसकी ऊंचाई 400 मीटर है। इसे ए-23/ए नाम दिया गया है। यह जिस महानगर की सीमा से टकराएगा, वहां प्रलय का तांडव रचा हो जाएगा।

उत्तरी ध्रुव अर्थात आर्कटिक पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव में आते-जाने के शोध अध्ययन लगातार आ रहे हैं। ये अध्ययन विशाल आकार के हिमखंडों के पिघलने, टूटने, दरारें पड़ने पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र के खिसकने, ध्रुवीय भालुओं के मानव आबादियों में धुसने और सील मछलियों में कमी, ऐसे प्राकृतिक संकेत हैं, जो पृथ्वी के बढ़ते तापमान का आर्कटिक पर प्रभाव प्रगट करने वाले हैं। पर्यावरण विज्ञानी इस बदलाव को समुद्री जीवों, जहाजो, पेंगुइन और छोटे द्वीपों एवं महानगरों पर स्थित बड़ी आबादियों के लिए एक बड़े खतरे के रूप में देख रहे है। बीते 40 सालों में बीते एक दशक के भीतर ऐसी खबरें ज्यादा आई हैं। विशेष तौर से उत्तरी धुरव की स्थिति की जानकारी देने के लिए सजग प्रहरी के रूप में अनेक उपग्रहों की तैनाती दुनिया के देशों ने की हुई है। अमेरिका के 'नेशनल स्नो एंड साइंस डाटा सेंटर' के अध्ययन को सत्य मानें तो वर्श 2014 में ही उत्तरी ध्रुव के 32.90 लाख वर्ग किमी क्षेत्र में बर्फ की परत पिघली है। यह क्षेत्रफल लगभग भारत-भूमि के बराबर है। इस संस्थान के अनुसार 1979 में उत्तरी ध्रुव पर बर्फ जितनी कठोर थी, अब नहीं रह गई है। इसके ठोस हिमतल में 40 प्रतिशत की कमी आई है। हिमतल में एक साल में इतनी बड़ी मात्रा में आई तरलता, इस बात की द्योतक है कि भविष्य में इसके पिघलने की गति और तेज हो सकती है।

क्षेत्रफल के हिसाब से आंकलन करें तो अंटार्कटिका पांचवां सबसे बड़ा महाद्वीप है। यह दक्षिणी गोलार्थ में करीब 20 प्रतिशत हिस्से को अपनी बर्फीली चादर से ढके हुए है। इसमें दक्षिणी धुरव भी समाहित है। लगभग नाशपाती के आकार की पृथ्वी के दो धुरव माने जाते हैं। इन्हें उत्तरी और दक्षिणी धुरवों के नामों से जाना जाता है। भूमध्य या विषुवत रेखा इन दोनों धुरवों से लगभग समान दूरी बनाए रखते हुए बीच से गुजरती है। इसीलिए इसे भूमध्य रेखा भी कहा जाता है। हालांकि इसे पृथ्वी की नाप के लिए काल्पनिक रेखा इसलिए माना गया है, क्योंकि यह उत्कीर्ण नहीं है। लेकिन पृथ्वी के केंद्र से गुजरने वाली इस रेखा की विशेषता यह है कि भूमध्य रेखा एक उभरे हुए भाग में दिखाई देती है। इस रेखा पर अर्धव्यास 6378.14 मीटर धुरवों के अर्धव्यास 6356.79 किमी से करीब 21 किमी अधिक है। यह अतिरिक्त अर्धव्यास ही पृथ्वी के समीप की कुछ कक्षाओं में अंतर उत्पन्न करता है। जैसे ही पूर्व की ओर जाने वाला उपग्रह दक्षिणी गोलार्द्ध से उत्तरी गोलार्द्ध की ओर जाता है, उसका कक्षीय तल विषुवत रेखा पर गुरुत्वाकर्शण के प्रभाव के कारण पश्चिमोन्मुखी हो जाता है। यदि उपग्रह उसी दिशा में पूर्व की ओर जाता है तो कक्षीय तल पूर्वोन्मुखी हो जाता है। इस रेखा पर पूरे वर्श दिन-रात बराबर होते हैं, इसलिए इसे विषुवत रेखा कहा गया है।

उत्तरी धुरव का कुल क्षेत्रफल 2.1 करोड वर्ग किमी है। इसमें से 1.30 करोड़ वर्ग किमी क्षेत्र की सतह बर्फ की मोटी परत से ढकी हुई है। बर्फ से आच्छादित होने के कारण यहां का औसत तापमान ऋणात्मक 10 डिग्री सेल्सियस है। जाड़ों में यह 68 डिग्री तक ऋणात्मक हो जाता है। बर्फ से ढके इसी क्षेत्र को आर्कटिक महासागर कहा जाता है। यह पांच महासागरों में से एक है। लेकिन सबसे छोटा समुद्र है। सामान्यतः आर्कटिक का उल्लेख उस भाग के परिप्रेक्ष्य में होता है, जो आर्कटिक उत्तरी गोलार्द्ध (उत्तर में 66.30 अधिकांश) उत्तरी धुरव को घेरे हुए है। आर्कटिक का भू-क्षेत्र रूस के साइबेरिया के किनारों, आइसलैंड, ग्रीनलैंड, उत्तरी डेनमार्क, नार्वे, फिनलैंड, स्वीडन, अमेरिका, अलास्का, कनाडा का अधिकांश उत्तरी महाद्वीपीय भाग और आर्कटिक टापुओं के समूदाय तथा अन्य अनेक द्वीपों तक फैला है। औद्योगिक विकास के लिए खनिज संपदा की लूट हेतु यहां व्यापारिक गतिविधियां तेज हुई हैं। तेल, प्राकृतिक गैस और कोयला के इस क्षेत्र में अकूत भंडार हैं। इस कारण यहां पारिस्थितिकि तंत्र गड़बड़ाने लगा है। नतीजतन यहां पाए जाने वाले जलीय व थलीय जीव धुरवीय भालू, सील, बैल्गाव्हेल, नरव्हेल, नीली व्हेल और वेलर्स के लिए अस्तित्व बचाए रखने का संकट पैदा हो गया है। उत्तरी धुरव हमारे ग्रह पृथ्वी का सबसे सुंदर उत्तरी बिंदु है। मान्यता है कि यहीं पर पृथ्वी की धुरी घूमती है। यह स्थल आर्कटिक महासागर में स्थित है। यहां अत्याधिक ठंड पड़ती है, क्योंकि छह माह तक सूर्य लुप्त रहता है।

यदि अंटार्कटिका की बर्फ इसी तरह से पिघलती रही तो दक्षिणी महासागर के चारों ओर समुद्री जल स्तर बढ़ेगा, इस कारण अन्य समुद्रों पर भी इसका प्रभाव पड़ सकता है। इन समुद्रों का जल स्तर बढ़ा तो पृथ्वी के उत्तरी गोलार्थ पर भी इसका असर दिखाई देगा। बर्फ के पिघलने से वायुमंडलीय परिसंचरण का स्वभाव भी बदल जाता है। अंटार्कटिका के ईद-गिर्द ही दक्षिणी महासागर फैला हुआ है। धरती पर उत्सर्जित होने वाले कार्बनडाइ ऑक्साइड की सबसे बड़ी मात्रा को सोखने का काम यही महासागर करता है। वर्शभर में जितना कॉर्बन उत्सर्जित होता है, उसका लगभग 12 प्रतिशत यह सागर सोख लेता है। लेकिन ऐसा तभी संभव हो पाता है, जब अंटार्कटिका की बर्फ बनी रहे। गोया, अ बवह समय आ गया है कि धरती के बढ़ते तापमान को युद्धस्तर पर नियंत्रित करने के कारगर उपाय हों।

**व्यंग्य**

# उनकी मंच पर घुसपैठ की चाहत



डॉ. प्रदीप उपाध्याय
व्यंग्यकार

'भाई जी, इस बार साहब के चुनावी दौरे पर हमें भी मंच साझा करने का मौका मिलना चाहिए। मंच पर मौका मिलेगा, तभी तो हुजूर के नजदीक जाकर फोटो खिंचवा पाएंगे और वही फोटो वक्त जरूरत हमारे काम आएगा।' अरे दगड़, अभी तुझे समय लगेगा। अभी पार्टी की सेवा करते हुए जुम्मे -जुम्मे चार दिन ही तो हुए हैं। हमें देख पार्टी में तपस्या करते हुए सारी उम्र ऐसे ही निकल गई। सारे बाल उड़ गए, नकली बत्तीसी बैठ गई तब जाकर मंच पर उनके बगल में बैठने की हैसियत पाई है।'

'लेकिन भाईजी, हम तो नारे लगाने, कुर्सियां बटोरने में ही मरे-खपे जा रहे हैं और एक वो है जिनको दो दिन हुए नहीं उधर से इधर होने में और उनको मंच पर जगह मिलने लग गई! हुजूर भी उनको भाव दे रहे हैं और एक हम जैसे कार्यकर्ता हैं जिनसे बस हुजूर के लिए जिंदाबाद-जिंदाबाद के नारे लगवाए जा रहे हैं।'

'भाई दगड़, ज्यादा निराश मत हो यार। तुझे तो मालूम है ही कि पार्टी का कार्यकर्ता ही तो पार्टी की रीढ़ है, पार्टी की जान होता है। आने-जाने वाले तो चलती-फिरती माया है। आज यहां हैं तो कल वहां। उनका क्या भरोसा!'

'हां, बस धरने-प्रदर्शन और लाठी-डंडे खाने के लिए ही हम पार्टी की रीढ़ होते हैं या फिर चुनाव के समय जय-जयकार लगवाने के लिए हमारी जरूरत पड़ती है। आखिर हम भी कितना धैर्य रखें।'

'दगड़ू, गलत बात मत बोल, तू मुझे मुंह खुलवाने पर मजबूर कर रहा है। क्या तुझे सरकारी ठेके नहीं दिलवाए। तुने अपनी बीवी के नाम से शोरूम खुलवाया, उसका सांसदजी से कहकर मैंने उद्घाटन नहीं करवाया! तुने तो गली और सड़क के हिस्से तक शोरूम के लिए कवर कर लिए। मैंने ही तो फोन करके अतिक्रमण हटाने गई टीम को रोका था। फिर भी तू कहता है कि ऐसी पार्टी में रहने से क्या फायदा!'भाई जी के नथुने फड़फड़ाने लगे थे और उन्हें क्रोध भी आने लगा था।

'अरे भाई जी, आप तो नाराज़ हो गए। हम अपनी दुख-तकलीफ आपको नहीं बताएंगे तो कौन बताएगा। जब तक हमें मंच पर पहुंचने का मौका नहीं मिलेगा, हुजूर को माला पहनाने और उनके साथ फोटो खिंचवाने का अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी पहचान ही नहीं बन पाएगी और पार्षद-वार्षद के टिकट की दमदारी से दावेदारी भी नहीं कर पाएंगे। आपके ही तो बच्चे हैं। आखिर सेवा का संकल्प कैसे पूरा होगा!' दगडू अब थोड़ा खिसियाते हुए बिछ सा गया।

'ऐसा बोल ना! चल तुझे मंच पर घुसने का आइडिया देता हूं। ऐसी घुसपैठ में नाक नहीं लगाई जाती, न इज्जत की परवाह की जाती है।' थोड़ा रूककर गुटका पिचकारते हुए फिर उन्होंने ज्ञान बघारा- 'कोई तुम्हें मंच से नीचे उतरने को भी कहे तो उसकी तरफ ध्यान देने की जरूरत नहीं है। सीधे धक्के देते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंच जाओ। ऐसे में दूसरे का धक्का खाकर मंच के नीचे भी पहुंच जाओ तो इसको दिल पे नहीं लेना है और न ही आसपास देखकर खिसियाना है।

बहादुरी के साथ अपने कुर्ते के बटन ठीक करते हुए फिर से घुसपैठ करने पहुंच जाना है। यह बात भी ध्यान रखना कि मंच पर कुर्सी न भी मिले तो परवाह नहीं, किसी तरह घुसपैठ करते हुए हुजूर के पीछे जाकर खड़े हो जाओ, इससे तुम मीडिया के कवरेज में भी जगह बनाने में कामयाब हो जाओगे और अपने लक्ष्य को हासिल कर सकोगे। और हां मंच पर हुजूर के चरण-स्पर्श करने में पीछे नहीं रहना है, भले ही घर पर मां बाप के चरण-स्पर्श कभी नहीं किए हों, यहां तुम्हें पीछे नहीं रहना है। तुम्हें यह भी ध्यान रखना है कि हुजूर हंसे तो हंसना है, भले ही बात हंसने की न हो! हुजूर की हर बात पर ताली मारना है,भले ही पब्लिक के साथ तुम खुद भी बोरियत महसूस कर रहे हो। वैसे छोटे कार्यकर्ता को यह सब नसीब में नहीं रहता है लेकिन फिर भी घुसपैठ करते रहने से कभी मंच साझा हो ही जाता है।'

## नॉलेज कॉर्नर: देश में स्थापित है फर्स्ट पास्ट द पोस्ट चुनाव प्रणाली

# बहुत कम वोट पाकर भी बन जाते हैं विजेता

देश में इस समय लोकसभा चुनाव का दौर चल रहे हैं। वहीं भारत में जनप्रतिनिधि फर्स्ट पास्ट द पोस्ट प्रणाली से चुने जाते हैं। इस व्यवस्था में जिस उम्मीदवार को ज्यादा वोट मिलते हैं, वही विजेता होता है। इसमें एक कमी यह भी है कि जीतने वाला उम्मीदवार कुल वोट का बहुत कम वोट पाकर भी उस क्षेत्र का प्रतिनिधि बन जाता है, जबकि क्षेत्र के बहुत से मतदाता उसे वोट नहीं करते हैं। इस तरह से चुनाव का नतीजा कुछ मतदाताओं की राय के विपरीत होता है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों को लेकर चुनावों की इस प्रणाली में बदलाव की समय-समय पर मांग भी उठती रही है। चुनाव प्रकिया को लेकर आज के नॉलेज कॉर्नर जानते हैं विस्तार से..

### आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली की हो रही है मांग

भारत में एक वर्ग निर्वाचन के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली अपनाने की मांग पर जोर दे रहा है। इस प्रणाणी में राजनीतिक दलों को मिले मतों की संख्या के अनुपात में सीटें मिलती हैं। इस व्यवस्था में हर एक वोट चुनाव के परिणाम में योगदान करता है। आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली का सिद्धांत कहता है कि अगर किसी पार्टी को 40 प्रतिशत वोट मिलता है तो उसे 40 प्रतिशत सीटें मिलनीं चाहिए। यह व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि



सरकार वास्तविक बहुमत यानी 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने वाली हो। दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों में इसी व्यवस्था से सरकारें चुनीं जाती हैं। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में यह पड़ताल का मुद्दा है कि क्या आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली मतदाताओं की राय को बेहतर तरीके से परिलक्षित करती है।

### अमेरिका में ऐसे चुनते हैं राष्ट्रपति और गवर्नर

अमेरिका में दो पार्टी सिस्टम है। अमेरिका में किसी क्षेत्र से जीतने वाला जनप्रतिनिधि, राज्य का गवर्नर या राष्ट्रपति कुल पड़े वोट का 50 प्रतिशत से अधिक वोट हासिल करता है। अमेरिका में राष्ट्रपति और गवर्नर को मतदाता सीधे चुनते हैं। यूरोप में आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली है। उन्होंने इस व्यवस्था को अपना कर पार्टियों के वोट और सीट के बीच अंतर को सही किया है। इस व्यवस्था में प्रत्येक मतदाता के पास दो वोट होते हैं। एक वोट क्षेत्र के स्थानीय उम्मीदवार के लिए और दूसरा पार्टी के लिए। पार्टी को मिले वोट के आधार पर, कुछ सीटें हर एक पार्टी को आवंटित की जाती है।

### भारत में दो बार हुआ विचार

*जस्टिस जीवन रेड्डी लॉ कमीशन और जस्टिस एमएन वेंकटचेलैया वर्किंग कमेटी ने इस पर अपनी सिफारिशें दीं हैं। दोनों ने कहा है कि हमें एक वैकल्पिक सिस्टम की जरूरत है, लेकिन किसी सरकार ने इस पर कदम नहीं उठाया। वोटों के खातिर जनीतिक दलों का इस पर रुख उदासीन रहा।* *कंटेंट: बजरंग बुनकर*



**नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री
@narendramodi
छत्रपति शिवाजी महाराज की महान धरती सातारा को मैं सिर झुकाकर नमन करता हूं। यहां उमड़ा ये जनसमुद्र साफ बता रहा है कि पूरा महाराष्ट्र 4 जून को विजयोत्सव के लिए तैयार है।

## सूरत के बाद इंदौर में लगा कांग्रेस को बड़ा झटका

# कांग्रेस प्रत्याशी बम ने वापस लिया नामांकन, भाजपा में हो गए शामिल

एजेंसी | इंदौर

गुजरात के सूरत के बाद कांग्रेस को मध्य प्रदेश के इंदौर संसदीय क्षेत्र में भी बड़ा झटका लगा है। यहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम व दो अन्य उम्मीदवारों ने तय प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन वापस ले लिया है। नाम वापस लेने के बाद निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय से अक्षय बम कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और विधायक रमेश मेंदोला के साथ बाहर निकले। सीधे भाजपा कार्यालय पहुंचे और भाजपा का टुपट्टा पहन लिया। ज्ञात रहे कि इंदौर सीट के उम्मीदवारों के नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 29 अप्रैल थी। ऐसे में कांग्रेस के पास कोई विकल्प नहीं बचा है। इससे पहले गुजरात की सूरत सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन रद्द हो गया था और अन्य उम्मीदवारों ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। जिससे भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध विजयी हो गए थे।



### कांग्रेस को 35 साल से है जीत का इंतजार

पिछले 35 साल से इंदौर लोकसभा सीट पर जीत की बाट जोह रही कांग्रेस ने भाजपा का मजबूत गढ़ कहे जाने वाले इस क्षेत्र में एकदम नए चेहरे अक्षय बम (45) को अपना उम्मीदवार बनाया था। इंदौर सीट पर बम की मुख्य चुनावी भिड़ंत भाजपा के निवर्तमान सांसद शंकर लालवानी (62) से होनी थी। बम के नाम वापस लेने से लालवानी की राह आसान हो गई है। विजयवर्गीय ने एक्स पर पोस्ट कर अक्षय कांति बम के भाजपा में शामिल होने की जानकारी दी।

### अक्षय कांति बम के पीछे यह है सामाजिक समीकरण

बम पेशे से कारोबारी हैं और उनका परिवार शहर में निजी महाविद्यालयों का संचालन करता है। वह जैन समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इस समुदाय के इंदौर लोकसभा क्षेत्र में करीब दो लाख मतदाता हैं। बम ने अपने राजनीतिक करियर में अब तक एक भी चुनाव नहीं लड़ा है। उन्होंने 2023 के विधानसभा चुनावों में इंदौर-4 सीट से टिकट की दावेदारी की थी, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें उम्मीदवार नहीं बनाया था। मतदाताओं की तादाद के लिहाज से प्रदेश में सबसे बड़े लोकसभा क्षेत्र इंदौर में 25.13 लाख लोगों को मताधिकार हासिल है। बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव में इंदौर में कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। इंदौर में किसी सीट पर कांग्रेस को जीत नहीं मिली थी।

### मुख्यमंत्री यादव ने कसा कांग्रेस पर तंज



इस बीच, सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस पर तंज कसा है। उन्होंने एक बयान में कहा कि मध्यप्रदेश पूरा मोदीमय हुआ है। वर्तमान में पूरे देश में प्रचंड आंधी चल रही है, खासकर मध्यप्रदेश में। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कांति ने भाजपा की सदस्यता के लिए आवेदन भी कर दिया है। खास बात यह है कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जिस नगर में रहते हों, उस जिले का प्रत्याशी यदि अपनी लोकसभा की टिकट लौट रहा है, तो इसका मतलब है कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष को इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी इंदौर के राऊ से विधायक रहे हैं। वे इंदौर जिले के ही निवासी हैं।

### सोरेन की जमानत याचिका पर ED से मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धनशोधन के एक मामले में अंतरिम जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा है। गौरतलब है, हाईकोर्ट द्वारा याचिका पर फैसला सुनाने में देरी करने और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती दी गई है। न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की दो न्यायाधीशों की पीठ झामुमो नेता की याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और छह मई तक उससे जवाब मांगा। अदालत ने कहा कि मामले में सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट अपना फैसला सुना सकता है। यह आदेश 28 फरवरी को सुरक्षित रखा गया था।

### जेजेपी के पांच और प्रत्याशियों के नाम घोषित

JANNAYAK JANTA PARTY
जननायक जनता पार्टी

**चंडीगढ़।** विलोकसभा चुनाव के लिए जेजेपी ने पांच उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है। पार्टी ने अंबाला सीट से किरण पूनिया, कुरुक्षेत्र से पाला राम सैनी, करनाल से देवेंद्र कादियान, सोनीपत से भूपेंद्र मलिक और रोहतक से जेजेपी युवा प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र सांगवान पार्टी प्रत्याशी होंगे। पार्टी ने देवेंद्र कादियान को पूर्व सीएम मनोहर लाल और कांग्रेस के दिव्यांशु बुद्धिराजा के सामने उम्मीदवार बनाया है।

## महाराष्ट्र-कर्नाटक में प्रधानमंत्री का कांग्रेस व विपक्ष पर प्रहार

# विपक्षी गठबंधन में नेता के नाम पर चल रहा है महायुद्धः मोदी

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को महाराष्ट्र का दो दिवसीय दौरा शुरू किया। दौरे के पहले दिन उन्होंने तीन सभाओं को संबोधित किया जबकि दूसरे दिन मंगलवार को भी तीन चुनाव सभाओं को संबोधित करेंगे। दरअसल राज्य में सात और 13 मई को तीसरे और चौथे चरण का चुनाव होना है। ये दोनों चरण राज्य में सत्तारूढ़ महायुति के साथ-साथ भाजपा के लिए भी काफी अहम हैं। यही वजह है कि पीएम मोदी का महाराष्ट्र पर फोकस है। इससे पहले उन्होंने कर्नाटक में बागलपेट में भी चुनाव सभा को संबोधित किया। वहां पर भी 7 मई को तीसरे चरण में 14 लोकसभा सीटों पर मतदान होना है।*

एजेंसी | सोलापुर/पुणे

लोकसभा चुनावों के लिए तीसरे चरण के मतदान से पहले भाजपा ने महाराष्ट्र में अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राज्य में ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां कर रहे हैं। उन्होंन सोमवार को सोलापुर, कराड और पुणे में चुनावी रैलियों को संबोधित किया और जमकर कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस फिर से देश की सत्ता हथियाने का सपना देख रही है। इन्हें अंदाजा ही नहीं कि पहले दो चरण के चुनाव में विपक्षी गठबंधन का डब्बा गोल हो चुका है। पीएम ने कहा, इंडी गठबंधन में नेता के नाम पर महायुद्ध चल रहा है।

क्या आप इतना बड़ा देश किसी ऐसे व्यक्ति को सौंप सकते हैं जिसका नाम तय न हो, जिसका चेहरा न मालूम हो? क्या इतना बड़ा देश आप उन्हें दे सकते हैं? ये नकली शिवसेना वाले कह रहे हैं कि उनकी पार्टी में प्रधानमंत्री पद के लिए कई लोग हैं और उनके एक नेता ने कहा कि हम एक साल चार पीएम बनाए तो क्या जाता है?' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इस चुनाव में आप अगले पांच वर्ष के लिए विकास की गारंटी को चुनेंगे।

दूसरी ओर वो लोग है जिन्होंने 2014 से पहले देश को आतंकवाद, भ्रष्टाचार और कुशासन के गर्त में धकेल दिया था।




### एआई की मदद से शाह व नड्डा जैसे नेताओं के भाषणों को तोड़-मरोड़ रहे

प्रधानमंत्री मोदी ने महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सोशल मीडिया और टेक्नोलॉजी के दुरुपयोग पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि विपक्ष सामाजिक कलह पैदा करने के लिए मेरे, अमित शाह और जेपी नड्डा जैसे नेताओं के भाषणों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का उपयोग कर रहा है। उन्होंने लोगों से कहा कि यदि आपको सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो दिखता है तो पुलिस को सूचना दें।

### कांग्रेस के राज में एससी-एसटी ओबीसी के हाल सबसे खरा

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के 60 वर्षों के राज में एससी/एसटी/ओबीसी परिवारों का हाल ही सबसे खराब रहा। वो मुसीबत में रहें, तकलीफ में रहें। मोदी ने उन्हें अपनी प्राथमिकता बनाई। 10 वर्षों में हमने गरीब कल्याण की जितनी भी योजनाएं बनाई, वो सबके लिए हैं।'

## कांग्रेस की धर्म आधारित आरक्षण की योजना

**बागलपेट (कर्नाटक)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को लगातार दूसरे दिन कर्नाटक में कांग्रेस को एक बार फिर आरक्षण के मुद्दे पर घेरा है। बागलपेट में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बना रही है, लेकिन मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए यह प्रस्ताव लेकर आई है, क्योंकि उन्हें मालूम है कि अल्पसंख्यकों का समर्थन भाजपा के साथ है। पीएम मोदी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस ने संविधान बदलने और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनने का अभियान शुरू किया है। हमारा संविधान धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। लेकिन कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का एक हिस्सा मुसलमानों को दिया है। उन्होंने आगे कहा, वे (कांग्रेस) इससे संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने पहले भी अपने घोषणापत्र में धर्म आधारित आरक्षण प्रदान करने के लिए एक कानून लाने की बात कही थी। इस बार भी उनके घोषणापत्र में ऐसा ही संकेत है। पीएम ने कहा कि मैं अपने दलित, आदिवासी और ओबीसी भाई-बहनों को गारंटी देना चाहता हूं कि मैं कांग्रेस के ऐसे इरादों को सफल नहीं होने दूंगा। प्रधानमंत्री ने वहां मौजूद लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा कि जनता का वोट उन्हें मजबूत बनाएगा। इसके बाद भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। पीएम मोदी ने कहा, भारत को विनिर्माण केंद्र बनाना हमारा संकल्प है। यह संकल्प वे कभी पूरा नहीं कर पाते जो छुट्टियों का आनंद लेते हैं।



### हुबली हत्याकांड पर PM का कांग्रेस पर हमला

पीएम मोदी ने हुबली में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हत्या मामले में भी राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस को घेरा है। पीएम मोदी ने कहा, हुबली में जब हमारी बेटी की हत्या कर दी गई, तब यहां की सरकार अपना वोट बैंक बचाने के लिए उस बेटी की इज्जत पर हमला करना शुरू कर दिया। कर्नाटक में कट्टरपंथी बेकाबू हो गए हैं। यहां हनुमान चालीसा सुनने वाले दुकानदार पर हमला किया गया।

## तीसरी अर्थव्यवस्था पर सियासत

# कोई भी PM हो, भारत का तीसरी बड़ी इकोनॉमी बनना तय: चिदंबरम

एजेंसी | नई दिल्ली





कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शेखी बघारने वाला व्यक्ति बताया है। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर रहेगा, चाहे प्रधानमंत्री कोई भी हो। उन्होंने कहा कि मोदी भविष्य की एक ऐसी संभावना को अपनी गारंटी बता रहे हैं जो भारतीय बाजार के विशाल आकार को देखते हुए होनी ही है। चिदंबरम ने कहा कि भारत अपनी जनसंख्या के आकार को देखते हुए यह उपलब्धि हासिल करेगा और इसमें जादू जैसी कोई बात नहीं है।

### सरकार के प्रयास से ही बनेगी: सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को विशाखापत्तनम में एक कार्यक्रम में कहा कि अंकगणितीय अनिवार्यता से नहीं बल्कि सरकार के प्रयास से भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। सीतारमण ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले का दस साल पूर्ण रूप से खोया हुआ दशक था। तब कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए की सरकार थी। उन्होंने कहा कि जीडीपी रैंकिंग और प्रति व्यक्ति आय के साथ देश की छवि भी बहुत मायने रखती है, अगर किसी परिवार की आय ठीक-ठाक नहीं है तो उस परिवार के सभी सदस्यों की जरूरतें पूरी नहीं की जा सकतीं। वैसे ही, देश की जीडीपी अधिक नहीं होगी तो अर्थव्यवस्था की मांग पूरी नहीं की जा सकती है।

### प्रति व्यक्ति आय समृद्धि का असली पैमाना

4 बार केंद्रीय वित्त मंत्री रह चुके चिदंबरम ने इस बात पर जोर दिया कि किसी देश की जीडीपी का आकार वहां के लोगों की समृद्धि को जांचने का सही पैमाना नहीं है जबकि प्रति व्यक्ति आय इसका अधिक सटीक संकेतक है। उन्होंने कहा कि मेरे विचार में जीडीपी के बजाय प्रति व्यक्ति आय समृद्धि का असली पैमाना है। लेकिन भारत उस वैश्विक पैमाने पर बहुत नीचे है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के 2024 के अनुमान के अनुसार 2,731 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के साथ भारत की वैश्विक रैंक 136 है।

## राजनाथ ने लखनऊ, स्मृति ने अमेठी से भरा नामांकन

एजेंसी | लखनऊ





भाजपा के दिग्गज नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है।इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी भी मौजूद रहे।

वहीं केंद्रीय मंत्री मंत्री और भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने अमेठी संसदीय क्षेत्र से अपना नामांकन किया। इस मौके पर मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव भी मौजूद रहे। अमेठी में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होगा नामांकन दाखिल किए जाने से पहले राजनाथ सिंह ने लखनऊ में हनुमान सेतु मंदिर में पूजा की। उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक किया और हनुमान मंदिर में दर्शन किए।

यहां से वह पार्टी रथ पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर धामी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व अन्य नेताओं के साथ नामांकन के लिए पहुंचे।

## चुनावी सभाओं में कांग्रेस नेता ने भाजपा को घेरा

# हमारी सरकार बनी तो सबसे पहले जाति व आर्थिक सर्वेक्षण होगा: राहुल

एजेंसी | पाटण/बिलासपुर

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को पार्टी के चुनाव अभियान को गति देते हुए गुजरात के पाटण और छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में पार्टी की चुनाव सभाओं को संबोधित किया और केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा पर जमकर सियासी हमला बोला। पाटण में चुनाव सभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यदि केंद्र में उनकी सरकार बनती है तो वह प्राथमिकता के आधार पर पूरे देश में जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएगी। उन्होंने कहा कि देश की 90 फीसदी आबादी एससी, एसटी और ओबीसी की है, लेकिन कॉरपोरेट, मीडिया, निजी अस्पताल, निजी विश्वविद्यालयों या सरकारी नौकरशाही में उन्हें उचित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है।

राहुल गांधी ने भाजपा और आरएसएस पर संविधान बदलने की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि सत्तारूढ़ एनडीए आरक्षण के खिलाफ है। राहुल ने कहा- आरक्षण का मतलब है गरीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों की न्यायपूर्ण भागीदारी है। नरेन्द्र मोदी निजीकरण को हथियार बना कर आपसे यह हक छीन लेना चाहते हैं। हम सत्ता में आने के बाद सबसे पहले जाति और आर्थिक सर्वेक्षण कराएंगे। राहुल पाटण लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार चंदनजी ठाकोर का चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे।



### निजीकरण से खत्म कर रहे हैं आरक्षण

राहुल गांधी ने छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये (भाजपा) कहते हैं कि हम आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं। लेकिनजब ये किसी सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण करते हैं तो ये आरक्षण को खत्म करते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को जगह मिलती थी। जैसे ही सार्वजनिक क्षेत्र का निजीकरण हो जाता है वहां ना किसी दलित को, ना पिछड़े वर्ग को ना आदिवासी को जगह मिलती है।

### भूपेश बघेल का पीएम मोदी पर हमला

जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि 10 साल पहले मोदी ने वादा किया था कि अच्छे दिन आएंगे, लेकिन किसी के अच्छे दिन नहीं आए। एक तरफ नरेंद्र मोदी और दूसरी तरह राहुल गांधी हैं, राहुल गांधी ने जो गारंटी छत्तीसगढ़ में दी थी, उसे पूरा किया और सभी किसानों का कर्जा माफ किया।

### नरेंद्र मोदी सत्ता में नहीं आ रहे: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की 'प्रधानमंत्री पद के लिए हाथापाई' वाली टिप्पणी पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि यह एक 'स्वीकारोक्ति' है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरे कार्यकाल के लिए वापस नहीं आएंगे। विपक्षी दल ने यह भी दावा किया कि लोगों ने संविधान को बदलने और आरक्षण समाप्त करने की भाजपा की साजिश को समझ लिया है। श्रीनेत ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा,प्रधानमंत्री कौन होगा और कौन नहीं होगा, यह एक निर्णय है जो हम लेंगे। अमित शाह ने सोमवार को चेतावनी दी कि 'गलती से भी' इंडिया ब्लॉक की जीत से विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेताओं के बीच प्रधानमंत्री पद के लिए हाथापाई हो जाएगी। शाह की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि गृह मंत्री इस बारे में बात कर रहे हैं कि प्रधानमंत्री पद के संभावित उम्मीदवार कौन होंगे। कम से कम यह स्वीकारोक्ति है कि मोदी सत्ता में नहीं आ रहे हैं।

## जरूरी खबर

### SC ने गर्भपात की अनुमति का आदेश वापस लिया



**नई दिल्ली।** एक 14 साल की रेप पीड़िता के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व में दी गई गर्भपात की इजाजत के अपने ही आदेश को वापस लेने का फैसला किया है। पीड़िता के मां-बाप ने सुप्रीम कोर्ट के सामने बेटी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई थी। उन्होंने अपनी याचिका में कहा था कि मेडिकल प्रोसीजर पीड़िता के लिए खतरनाक हो सकता है। पीड़िता के माता-पिता से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बात करने के बाद सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, बच्ची का हित ज्यादा जरूरी है। 22 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट का फैसला पलटते हुए रेप पीड़िता को 30 हफ्ते का गर्भ गिराने की अनुमति दे दी थी। कोर्ट ने इसे अपवाद बताया था और कहा था कि अस्पताल की रिपोर्ट के आधार पर अबॉर्शन की इजाजत दी गई है।

### अनुच्छेद 370 को लेकर पुनर्विचार याचिका दायर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में एक पुनर्विचार याचिका दायर कर जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले की समीक्षा की मांग की गई है। बता दें कि शीर्ष अदालत ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले की वैधता को बरकरार रखा था। सुप्रीम कोर्ट इस मामले में एक मई को सुनवाई करेगा। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त 2019 को जम्मू कश्मीर से संबंधित संविधान के अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी कर दिया था।

### भारत-म्यांमार सीमा पर भारी मात्रा में हथियार बरामद

**कोहिमा।** असम राइफल्स ने नगालैंड में भारत-म्यांमार सीमा पर सोमवार को बड़ा ऑपरेशन कर किसी बड़े साजिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सेना ने पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू किया है। खुफिया सूचनाओं के आधार पर, असम राइफल्स ने सोमवार को नगालैंड के मोन जिले में भारत-म्यांमार सीमा के करीब भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध जैसे भंडार का भांडाफोड़ किया। ऑपरेशन में 11 मोर्टार ट्यूब चार ट्यूब 10 पिस्तौल, 198 रेडियो सेट, एक सैटेलाइट फोन सहित भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

## इंडियन लॉ फर्म्स की नई इमारत का उद्घाटन



*नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को सोसायटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स (एसआईएलएफ) की नई इमारत का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी कानून फर्मों को अब वैश्विक मान्यता मिल गई है।*

### पीएम मोदी के खिलाफ याचिका खारिज



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोकसभा चुनाव में अयोग्य ठहराने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग करने वाली एक याचिका को खारिज कर दिया। याचिका में आरोप लगाया था कि पीएम मोदी लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए धार्मिक देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर वोट मांग रहे हैं। याचिका को खारिज करते हुए न्यायाधीश सचिन दत्ता की पीठ ने कहा कि याचिका पूरी तरह से गलत है। हम चुनाव आयोग को किसी विशेष शिकायत पर विशेष दृष्टिकोण अपनाने का निर्देश नहीं दे सकते। चुनाव आयोग की ओर से पेश हुए वकील सिद्धांत कुमार ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि आयोग ऐसे आवेदनों पर हर दिन निपट रहा है और कानून के अनुसार कार्रवाई करेगा।

### अमित शाह के फर्जी वीडियो केस में असम से एक जने को धरा

# दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के CM रेड्डी को किया तलब

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में कार्रवाई तेज हो गई है। गृह मंत्रालय की शिकायत के बाद दिल्ली पुलिस ने जहां तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी को नोटिस भेजा है। नोटिस के अनुसार सीएम रेड्डी समेत पांच लोगों को एक मई को दिल्ली बुलाया गया है। इन सभी ने वीडियो को सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया था।



असम पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति रीतम सिंह को गिरफ्तार किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने अपने एक्स हैंडल पर गिरफ्तारी की जानकारी दी है। सूत्रों के मुताबिक सीएम रेड्डी को पुलिस ने उस मोबाइल को भी साथ लाने को कहा है जिससे उन्होंने ये वीडियो एक्स पर पोस्ट किया था।

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को गृह मंत्रालय की शिकायत पर इस मामले में आईपीसी और आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की थी। गृह मंत्रालय ने शिकायत में लिखा था कि फेसबुक और ट्विटर के उपयोगकर्ताओं द्वारा कुछ छेड़छाड़ किए गए वीडियो प्रसारित किए जा रहे हैं।

#### मांगी वीडियो के स्रोत की जानकारी

दिल्ली पुलिस ने एक्स और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को पत्र लिखकर इस फर्जी वीडियो के स्रोत के बारे में जानकारी मांगी है, जिसे ऑनलाइन शेयर किया गया था। पुलिस की स्पेशल सेल ने गृह मंत्रालय के अधीन भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (I4C) की शिकायत के बाद शाह के छेड़छाड़ किए गए वीडियो के मामले में एफआईआर दर्ज की थी। आईएफएसओ यूनिट ने अब वीडियो के स्रोत और इसे फैलाने वालों की पहचान करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से संपर्क किया है।

#### मैं डरने वाला नहीं : रेड्डी

इस बीच, तेलंगाना के सीएम रेड्डी ने कहा कि वे इससे डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब तक चुनाव जीतने के लिए ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों का इस्तेमाल करते थे,लेकिन अब वे दिल्ली पुलिस का भी इस्तेमाल करने लगे हैं। कर्नाटक के सेडम में एक रैली में रेड्डी ने कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ पोस्ट किया गया था।

### प.बंगाल: ममता सरकार को बड़ी राहत

## शिक्षक भर्ती घोटाले में CBI जांच पर सुप्रीम रोक

■ अधिकारियों की भूमिका की जांच का था हाई कोर्ट का निर्देश



एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार को बड़ी राहत दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस मामले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई गई है। दरअसल, शीर्ष अदालत 25,753 शिक्षकों की नियुक्ति को अमान्य करने वाले कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि वह इस मामले पर 6 मई को सुनवाई करेगी। बता दें कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने कहा था कि सीबीआई अवैध नियुक्तियों को समायोजित करने के लिए अतिरिक्त पद के सृजन को मंजूरी देने में राज्य सरकार में शामिल व्यक्तियों के संबंध में आगे की जांच करेगी। अगर आवश्यक हुआ तो सीबीआई इसमें शामिल ऐसे लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ करेगी। आदेश को चुनौती देते हुए, राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपनी अपील में कहा कि उच्च न्यायालय ने नियुक्तियों को 'मनमाने ढंग से' रद्द कर दिया।

### महिलाओं के यौन उत्पीड़न का मामला

## रेवन्ना पर एक्शन, पार्टी से होंगे सस्पेंड

एजेंसी | बेंगलुरु

जनता दल (एस) ने कई महिलाओं का यौन उत्पीड़न करने के आरोपों का सामना कर रहे सांसद प्रज्वल रेवन्ना को पार्टी से निलंबित करने का फैसला किया है। पार्टी के नेता व पूर्व सीएम एच.डी. कुमारस्वामी ने सोमवार को यह बात कही। कुमारस्वामी के भतीजे प्रज्वल रेवन्ना हासन से सांसद हैं और इसी सीट से लोकसभा चुनाव में राजग के उम्मीदवार हैं। कुमारस्वामी ने कहा, मंगलवार को हुबली में कोर कमेटी की बैठक में इसकी अनुशंसा की जाएगी क्योंकि वह (प्रज्वल) संसद सदस्य हैं,



इसलिए इसे दिल्ली से किया जाना है। मैंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एच डी देवेगौड़ा से अनुरोध किया है। न तो उन्हें और न ही मुझे इस पूरे प्रकरण की जानकारी थी।

कुमारस्वामी ने इस पूरे प्रकरण से जद (एस) और गठबंधन में सहयोगी भाजपा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अलग रखने की अपील की।

#### BJP को इस मामले से न जोड़ा जाए

भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को इस मुद्दे पर निशाना बनाने की कांग्रेस नेताओं की कोशिश के बारे में पूछे जाने पर कुमारस्वामी ने कहा, 'क्या मोदी प्रज्वल रेवन्ना के प्रचार के लिए आए थे? इस मामले से मोदी का क्या लेना-देना? इससे भाजपा का क्या लेना-देना है? इसे उनके साथ क्यों जोड़ा जाए? देवेगौड़ा या कुमारस्वामी का इससे क्या लेना-देना है?'

### मुंबई एयरपोर्ट: 7 दिन में 20.95 किलो सोना जब्त

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग ने पिछले एक सप्ताह में मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों द्वारा तस्करी करके लाया गया 13.57 करोड़ रुपए कीमत का 20.95 किलोग्राम सोना जब्त किया है। इसके अलावा इस अवधि के दौरान 23 लाख रुपए के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान और तंबाकू आइटम भी जब्त किए गए हैं। एक अधिकारी ने कहा कि जांच के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर नौ यात्रियों को इन वस्तुओं को अवैध रूप से देश में लाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।

### बदला मौसम: J&K में बारिश-बर्फबारी

## घाटी में कई जगह बाढ़, स्कूलों में छुट्टी

एजेंसी | जम्मू

जम्मू कश्मीर में पिछले तीन दिनों से जारी बारिश और बर्फबारी से जनजीवन प्रभावित हो गया है। रामबन के पास भूस्खलन से जम्मू- श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग बंद कर दिया गया है। भूस्खलन से एक 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। रविवार रात और सोमवार सुबह कश्मीर घाटी में कई जगहों पर अचानक बाढ़ आ गई है। हंदवाड़ा और कुपवाड़ा जिलों सहित उत्तरी कश्मीर में कई आवासीय घर और सड़कें जलमग्न हो गए हैं। कुपवाड़ा जिले में प्रशासन ने भी क्षेत्र में स्कूलों को बंद करने



की घोषणा की। इस बीच, उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा इलाके में गुरेज घाटी में बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने बांदीपोरा जिले में सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद करने की घोषणा की। किश्तवाड़ के कचोन गांव में भूस्खलन से प्राइमरी स्कूल सहित छह मकान क्षतिग्रस्त हो गए। डोडा, किश्तवाड़ और कुपवाड़ा जिलों में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। कश्मीर के सोनमर्ग जिले में हिमस्खलन की सूचना है। कश्मीर के गुरेज, माच्छिल, राजदान टॉप सहित कई पर्वतीय इलाकों में बर्फबारी हुई है। जम्मू, श्रीनगर, उधमपुर, सांबा, राजोरी सहित कई इलाकों में दिनभर बारिश होती रही। पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानों में बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में अगले 24 घंटों में बारिश जारी रहने की संभावना जताई है। किसानों को 30 अप्रैल तक सभी कार्यों को स्थगित करने की सलाह दी है।

### इसरो ने किया बड़ा खुलासा

# लॉन्चिंग में 4 सेकंड की देरी से टकराने से बचा था यान

■ चंद्रयान 3 के रास्ते में आ रहा था स्पेस का कचरा

एजेंसी | नई दिल्ली

चंद्रयान 3 को चांद के दक्षिण ध्रुव पर सफल लैंड करवाते हुए इसरो ने 23 अगस्त 2023 को इतिहास रच दिया लेकिन अगर इसरो चंद्रयान 3 की लॉन्चिंग 4 सेकंड की देरी न करता तो मिशन के साथ ही करोड़ों भारतीय का सपना भी चकनाचूर हो जाता। दरअसल इसरो ने हाल ही में चंद्रयान 3 को लेकर एक नई रिपोर्ट जारी की है। जिसमें उनसे खुलासा किया कि उसने चंद्रयान 3 की लॉन्चिंग में चार सेकेंड की देरी क्यों की। दरअसल किसी भी सैटेलाइट या स्पेसक्राफ्ट को लॉन्च करने से पहले इसरो के वैज्ञानिक अंतरिक्ष में भी संभावित टक्कर को टालने के लिए विश्लेषण करते हैं। इसकी ही मदद से इसरो के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान 3 और करोड़ों भारतीयों के सपने को टूटने से बचा लिया था। दरअसल चंद्रयान 3 के लॉन्च से पहले वैज्ञानिकों ने अंतरिक्ष में भी संभावित टक्कर को टालन के लिए विश्लेषण किया था। जिससे पता चला कि चंद्रयान 3 के रास्ते में स्पेस कचरा आ रहा है। अगर चंद्रयान 3 उससे टकराया तो मिशन चांद पर पहुंचने से पहले ही खत्म हो जाएगा। इसलिए वैज्ञानिकों ने चंद्रयान 3 को तय समय से 4 सेकेंड की देरी से लॉन्च किया था। जिससे उसके रास्ते में किसी भी तरह की कोई बाधा न आए। बता दें कि चंद्रयान 3 के सफल लैंडिंग के बाद भारत अब अमेरिका, रूस और चीन के साथ चांद पर सफलतापूर्वक लैंडिंग करने वाले कुछ गिने-चुने देशों में शामिल हो गया है। चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद प्रज्ञान और विक्रम ने एक चंद्र दिवस तक लगातार काम किया था।

उन्होंने चांद की सतह से कई अहम जानकारियां भेजी थीं।



#### अंतरिक्ष में भी बदल देते हैं उपग्रह की दिशा व गति

जब अंतरिक्ष में कोई उपग्रह जाता है तो वहां पर भी उसे स्पेस कचरे से काफी खतरा होता है। ऐसे में इसरो के वैज्ञानिक कोलिजन एवॉयडेंस मैन्यूवर की प्रक्रिया को अपनाते हुए सैटेलाइट की गति को कम कर देते हैं या बढ़ा देते हैं। कई बार वो उसकी दिशा भी बदल देते हैं। साल 2023 में इसरो ने अलग-अलग सैटेलाइट की 23 बार दिशा और गति बदली थी।

## हाई कोर्ट के फैसले से सरकार क्यों परेशान: SC

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार से पूछा कि संदेशखाली मामले में कुछ निजी व्यक्तियों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के रूप में सर्वोच्च अदालत क्यों आना पड़ा। सुनवाई के दौरान, अदालत ने पूछा कि उच्च न्यायालय के फैसले से आरोपी परेशान हो, ये समझ आता है लेकिन राज्य सरकार क्यों परेशान हो रही है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के 10 अप्रैल वाले उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच के निर्देश दिए गए थे। पीठ में न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायाधीश संदीप मेहता शामिल थे। राज्य की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे उच्च न्यायालय के आदेश में की गई कुछ टिप्पणियों से परेशान हैं। आदेश में राज्य सरकार के बारे में कुछ टिप्पणियां की गई हैं, जो अनुचित है। जबकि राज्य सरकार ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की है। इस पर पीठ ने कहा कि अगर राज्य को हाईकोर्ट की कुछ टिप्पणियों से परेशानी है तो वे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं और उन टिप्पणियों को हटाने की मांग कर सकते हैं। मामले को अदालत ने जुलाई तक के लिए टाल दी है।

## रामबाग गोल्फ क्लब में हुआ अनूठा टूर्नामेंट: प्लेयर्स ने बेहतरीन खेल का किया प्रदर्शन

# रामगढ़ लेक को पुनर्जीवित करने के लिए लगाए गोल्फर्स ने शॉट्र्स

**बेधड़क.जयपुर।** टूर्नामेंट में 4 हाउस अल्बर्ट, जयगढ़, नाहरगढ़ और आमेर हाउस से प्लेयर्स ने हिस्सा लिया और बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। मौका था जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब (आरजीसी) में दो दिवसीय मंथली गोल्फ टूर्नामेंट 'जयपुर ओपन-सुपर लीग-2024' के आयोजन का, जिसमें 4 हाउस से प्लेयर्स ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट से रामगढ़ लेक को पुनर्जीवित करने और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इसके तहत टूर्मामेंट के दौरान गोल्फ कोर्स में जगह-जगह पर 'स्ट्राइव टू रिवाइव रामगढ़ लेक' का संदेश लिखे हुए होर्डिंग लगाए गए थे। रामबाग गोल्फ क्लब कैप्टन शिरीष सचेती ने टूर्मामेंट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



### हैंडीकेप्स श्रेणियों में हुए पुरस्कृत

सचेती ने बताया कि टूर्नामेंट में अलग-अलग हैंडीकेप्स की श्रेणियों में विजेता व उपविजेता दोनों को पुरस्कृत किया गया। टूर्नामेंट के ग्रॉस विनर मनोविराज शेखावत (अल्बर्ट हाउस) और ग्रॉस रनर-अप अभ्युदय रावत (आमेर हाउस) रहे। वहीं, हैंडीकैप कैटेगरी 00-11 में अर्जुन कुच्छल (जयगढ़ हाउस) विजेता और विपुल मिश्रा (अल्बर्ट हाउस) उपविजेता रहे। हैंडीकैप कैटेगरी 12-18 में अभिमन्यु विजय (अल्बर्ट हाउस) विजेता और उपविजेता डॉ. समीर शर्मा (नहारगढ़ हाउस) थे। वहीं, हैंडीकैप कैटेगरी 19-24 में नितिन खंडेलवाल (आमेर हाउस) विजेता और सौरभ यादव (आमेर हाउस) उपविजेता रहे।




### बेस्ट वेटरन गोल्फर का पुरस्कार प्रताप को

टूर्नामेंट में बेस्ट वेटरन गोल्फर के विजेता का पुरस्कार प्रताप सिंह (जयगढ़ हाउस) ने जीता। वहीं, बेस्ट लेडीज गोल्फर का पुरस्कार वृंदा सैनी (आमेर हाउस) ने हासिल किया। वहीं, अन्य श्रेणियों में विजेताओं में नियरेस्ट टू पिन के विजेता मनोविराज सिंह (अल्बर्ट हाउस) और दीप लाखोटिया (नहारगढ़ हाउस), लॉन्गेस्ट ड्राइव के विजेता अहसास खानिजाऊ (अल्बर्ट हाउस) रहे। वहीं, लॉन्गेस्ट ड्राइव-वेटरन के विजेता प्रदीप टाक (नहारगढ़ हाउस) रहे। इसी तरह स्ट्रेटे ड्राइव के लिए पुरस्कार देवव्रत सिंह (नहारगढ़ हाउस) ने जीता। अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया तो वे रोमांचित हो गए। साथ सीनियर प्लेयर्स ने भी शिरकत कर मोटिवेट किया और सभी ने लेट्स जॉइन हैंड्स... टू गेदर वी केन... के स्लोगन के साथ रामगढ़ को बचाने की बात की।

## बराबरी पर छूटा मैच



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले राजस्थान फुटबॉल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत अजमेर के मेवो कॉलेज के फुटबॉल ग्राउंड में 72 मैचों में से 50 नंबर का मैच खेला गया। इसमें दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। राजस्थान फुटबॉल के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया पहला मैच चैंपियन मेकर फुटबॉल क्लब व जयपुर फुटसाल फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। इसमें दोनों ही टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। दोनों टीमें अंतिम समय तक कोई गोल नहीं कर पाई। अंत में मैच 0-0 बराबरी पर रहा। मंगलवार को जयपुर के रॉयल फुटबॉल क्लब मैदान पर एएसएल फुटबॉल क्लब व सनराइस फुटबॉल क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

## बिजनेस कोच राहुल देंगे गुरु मंत्र



**बेधड़क. जयपुर।** वर्तमान समय में बाजार के साथ-साथ उपभोक्ताओं की जरूरतों में बदलाव आ रहा है, जिसके अनुसार व्यापारी नए बिजनेस आइडिया धारण करने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए तैयार हो रहे हैं। इस संदर्भ में जयपुर में 2 से 5 मई तक 'व्यापारी टू सीईओ रिट्रीट 4.0' विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। दिल्ली रोड स्थित होटल में देश भर के सैकड़ों व्यापारी भाग लेंगे। कार्यक्रम में बिजनेस और लीडरशिप कोच राहुल मालोदिया व्यापारियों को सफलता के गुरु मंत्र सिखाएंगे। बताया जाएगा कि कैसे व्यापारी सीईओ के रूप में अपनी पहचान बना सकते हैं।

## सारे जहां से... में जुटे प्रदेशवासी



**बेधड़क. जयपुर।** पारिवारिक माहौल में सबके साथ समय बिताना और आगे बढ़ना जरूरी है। इसी सोच के साथ हम सब एकत्रित हुए ग्रोथ पर चर्चा की। सभी साथियों ने कई एक्टिविटीज भी कीं और उनको उपहार देकर मोटिवेट किया। यह कहना था जयपुर में हुए सारे जहां से अच्छा राजस्थान हमारा प्रोग्राम में अरुण गोयल और सोमदेव गोयल का। वहीं, शिव चरण गोयल ने बताया कि गृह लक्ष्मी के इस प्रोग्राम में राजस्थान भर से लोग आए और उन्होंने बहतरीन एक्टिविटीज में हिस्सा लिया। साथ ही उनको सेमिनार के तहत नई जानकारियां नि:शुल्क उपलब्ध कराई गई, जिससे वे अपडेट हुए।

## City इवेंट्स

### कुंडलपुर में यात्री दल का किया सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी की ओर से जयपुर से बड़े बाबा के दर्शनार्थ गए यात्री दल का स्वागत अभिनंदन किया गया। जनकपुरी जयपुर जैन मंदिर के प्रकाश गंगवाल को समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला व कमलेश पाटनी के साथ सम्मान पत्र भेंट किया गया। दल में शामिल सदस्यों मनोज्ञ जैन, सोभागमल अजमेरा, महेश काला, पंकज जैन लुहाड़िया, जितेंद्र जैन, जम्बू जैन का तिलक व माला तथा महिला सदस्यों बीना जैन, निकिता जैन, दीपिका जैन बिलाला, सोनिया जैन को मंगल कलश देकर कमेटी अखिलेश जैन फट्टा व अन्य द्वारा अभिनंदन किया गया। दल ने बड़े बाबा के दर्शन अभिषेक व पूजन कर नव आचार्य समय सागर महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। बांदकपुर में मुनि सुधा सागर, पटेरा में मुनि प्रमाण सागरजी तथा हट्टा में मुनि प्रणम्य सागरजी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

### शिविर में 2376 लोगों ने किया रक्तदान



**बेधड़क. जयपुर।** जैन सोशल ग्रुप जैम सिटी के 19 हाऊसों की ओर से प्रेरित, जैमसिटी चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान से अवेद्रा आश्रम परिसर दुर्लभजी अस्पताल में 2 दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन का श्रीमहावीर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, मानद सचिव सुभाष चंद जैन और कोषाध्यक्ष विवेक काला, वाइस प्रेसिडेंट सीपी जैन और कमेटी मेंबर सुरेश सबलावत द्वारा किया गया। ट्रस्ट चैयरमेन देवेंन्द्र अजमेरा और चीफ पेट्रन संजय काला ने बताया कि शिविर में 2376 रक्त यूनिट रक्त एकत्र हुआ। ब्लड यूनिट्स को जयपुर के बारह ब्लड बैंको सवाई मान सिंह अस्पताल ने 384, स्वास्थ्य कल्याण 100, भगवान महावीर केन्सर अस्पताल 100, जयपुरिया 157, ईएचसीसी 152, एसएमएस ट्रोमा 100, महत्मा गांधी अस्पताल 100, महिला चिकित्सालय 51, जेके लोन 50, सोनी हॉस्पिटल 51, स्टेट कैंसर 56 और शेष 1075 यूनिट दुर्लभजी अस्पताल द्वारा संग्रहण किया गया। जेएसजी जेम सिटी के अध्यक्ष रवि जैन और उपाध्यक्ष मनी कुमार जैन ने बताया कि सांसद रामचरण बोहरा, वंडर सीमेंट से विवान पाटनी, राजीव अरोड़ा, बैद फाईनेन्स से महेन्द्र बैद, दुर्लभजी हॉस्पिटल के ट्रस्टी मेहुल दुर्लभजी और सेजल दुर्लभजी, अजय जखोटिया, रवि अग्रवाल ने शिविर का अवलोकन किया।

## श्री महावीरजी फिल्म का हुआ प्रीमियर

# भगवान महावीर की मूंगावर्णी प्रतिमा को प्रकट होते देख झूमे



**बेधड़क | जयपुर**

दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी द्वारा चांदनपुर में टीले से प्रकटित भगवान महावीर के अतिशय के सम्बन्ध में निर्मित फिल्म 'श्री महावीरजी' का प्रीमियर शो हुआ।

प्रचार-प्रसार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि जेम सिनेमा के मालिक सुधीर कासलीवाल व दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल के स्वागत उदबोधन के बाद कासलीवाल व मानद मंत्री सुभाष चन्द जैन के नेतृत्व में महावीरजी प्रबंधकारिणी कमेटी द्वारा भगवान महावीर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। निर्माता जे के जैन कालाडेरा वाले ने फिल्म निर्माण पर प्रकाश डाला। निर्देशक शशांक जैन ने फिल्म की कहानी व शूटिंग की संक्षिप्त जानकारी दी। महिला संगठनों की महिलाओं ने पचरंगा जैन ध्वज लहराकर खुशी जताई। मंच संचालन मनीष बैद ने किया। मुख्य प्रचार संयोजक सुरेश सबलावत ने बताया कि भगवान महावीर की मूंगावर्णी प्रतिमा किस प्रकार से श्री महावीरजी के चांदनगांव में भूगर्भ से प्रकटित हुई तथा पूरे क्षेत्र में सुख समृद्धि संपन्नता होने लगी का सुन्दरता के साथ फिल्म में चित्रण किया गया है। फिल्म में श्री महावीर भगवान के अतिशय के साथ श्री महावीरजी कमेटी द्वारा श्री महावीरजी क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का चित्रण किया गया है।

## DPT: रोमांचक मुकाबले में टीमों ने बनाई जगह

# सीनियर वर्ग में मलोत और स्पोर्टीडोक शूटर्स फाइनल में



**बेधड़क | जयपुर**

मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉ.क्टर प्रीमियर टेनिस में सीनियर और जूनियर टीम वर्ग में रोमांचक मुकाबले हुए। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि दबंग सिंगल्स में अंडर 45 में डॉ. आदित्य और सुधांशु व अबोव 45 में डॉ. रवि और डॉ. कपिल ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में स्थान पक्का किया। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि दबंग डबल्स में डॉ. पुनीत-डॉ. संदीप और डॉ. निशान्त-डॉ. कपिल फाइनल में पहुंचे।

लीग को चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि मलंग सिंगल्स बिलो 45 में डॉ. लोकेश और डॉ. गीतेश और अबव 45 में डॉ. रामचंदानी और डॉ. अजीत अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराकर फाइनल में पहुंचे। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. ओम मील ने बताया कि मलंग डबल्स में डॉ. अजीत -डॉ. चेतन और डॉ. सुनील-डॉ. संकल्प की जोड़ी ने फाइनल में स्थान पक्का किया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. दीपाली पाठक ने बताया कि जूनियर वर्ग में टीम आंजेन्या हॉस्पिटल ऑर टीम एडवांस्ड ऑर्थोपडिक हॉस्पिटल में खिताबी मुकाबला होगा।

लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपक सैनी ने बताया कि दबंग ट्राइओ में टीम डा दिनेश चौधरी और टीम निशांत के बीच में फाइनल मुकाबला होगा।

## 'नृत्य-तरंग' सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने जमाया रंग

# मानसिक स्वास्थ्य के लिए नृत्य है सर्वोत्तम साधना

**बेधड़क | जयपुर**

कला मंजर संस्था की ओर से उमंग स्कूल में अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'नृत्य-तरंग' का आयोजन किया गया, जिसमें दिव्यांग और सामान्य कलाकारों ने एक ही मंच पर एक साथ नृत्य प्रदर्शन किया। आयोजन के मुख्य अतिथि मेजर जनरल अनुज माथुर, अतिविशिष्ट अतिथि डॉ. मृदुल भसीन व दीपक कालरा और विशिष्ट अतिथि अरुण बगड़िया व पूनम बगड़िया ने कलाकारों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा करते हुए कहा, कि ऐसे आयोजन वर्तमान समय की आवश्यकता है।



### सिंगर ने गीतों से बांधा समा

गायक रवींद्र उपाध्याय ने बच्चों के बीच गीत गाकर समां बांध दिया। जैसलमेर से दिव्यांग लोक कलाकार सुनील परिहार ने अद्भुत लोक नृत्यों से सभी का दिल जीत लिया। उन्होंने भवाई व मोर नृत्य प्रस्तुत किए। जयपुर से अंकिता महेश्वरी ने राधाकृष्ण रास नृत्य प्रस्तुत कर माहौल कृष्णमय बना दिया। अक्षय भटनागर ने बॉलीवुड गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया।

### मुस्कान जिंदादिली से जीना सिखाती है

बेस्ट कैपिटल की पूनम बगड़िया ने कहा कि बच्चों के चेहरे की मुस्कान हमे जिंदादिली से जीना सिखाती है। कार्यक्रम की संयोजक मीनाक्षी माथुर ने बताया कि दिव्यांगता के प्रति जागरूकता अभियान में संस्था तीन वर्षों से उमंग स्कूल में इस दिन आयोजन करती आ रही है। भविष्य में इसका और अधिक विस्तार करने की योजना है। आयोजन में स्कूल स्टाफ व बच्चों के साथ शहर के अनेक अतिथियों ने शिरकत की।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, मंगलवार, 30 अप्रैल, 2024



परमात्मा को पाना नहीं है, खुद को मिटाना है "मैं" के मिटते ही वो ही साक्षात है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## कई घरों के ऊपर दागी मिसाइलें... बच्चों समेत 15 की मौत

# इजराइल की गाजा पर फिर एयर स्ट्राइक

**एजेंसी** | तेल अवीव

इजराइल ने एक बार फिर से गाजा के ऊपर एयर स्ट्राइक कर दी है। राफा शहर में तीन घरों पर इजराइली हवाई हमलों में 13 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। हालांकि, हमास मीडिया आउटलेट्स ने मरने वालों की संख्या 15 बताई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि गाजा शहर में इजराइली विमानों ने तीन घरों को निशाना बनाया, जिसमें कई लोग मारे गए और घायल हुए। महीनों से चल रही इजराइली बमबारी के कारण राफा में 10 लाख से अधिक लोगों ने शरण ली है, जहां इजराइल पर हमले करने के आरोप लग रहे हैं। बीते शनिवार को इजराइली हवाई हमलों के कारण 22 फिलिस्तीनी मारे गए थे। इजराइली युद्धक विमानों ने मध्य गाजा में नुसीरात शरणार्थी शिविर में आबादी वाले घर को कई मिसाइलों से निशाना बनाया, जिसमें 4 बच्चों सहित 9 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार गाजा पट्टी के सुदूर दक्षिण में भी एक घर को निशाना बनाकर इजराइली हवाई हमला हुआ। इसमें 4 बच्चों सहित 6 फिलिस्तीनी मारे गए और 8 अन्य घायल हो गए।



### लड़ाकू विमानों ने पट्टी में 25 से अधिक साइटों को बनाया निशाना

रिपोर्ट के मुताबिक, बाद में युद्धक विमानों ने राफा के उत्तर में नासिर पड़ोस में एक घर को निशाना बनाया, जहां 7 फिलिस्तीनी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। घायलों को शहर के अबू यूसुफ अल-नज्जर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। इस बीच, इजराइली सेना के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि लड़ाकू विमानों ने पट्टी में 25 से अधिक साइटों को निशाना बनाया, जिनमें सैन्य भवन, हथियार गोदाम और कई इमारतें शामिल हैं। दूसरी ओर, फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने एक वीडियो जारी कर गाजा में बंधक बनाए गए 2 और बंधकों के जीवित होने का पहला सबूत दिखाया है। रिपोर्ट में कहा गया कि जबरदस्ती फिल्माए गए फुटेज में ओमरी मिरान का कहना है कि उन्हें 202 दिनों के लिए हिरासत में रखा गया है।

### गाजा पट्टी में अब तक 34,000 की मौत

बीते साल 7 अक्टूबर को हमास ने गाजा से इजराइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। इस दौरान 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इजराइल ने जवाबी हमले शुरू किए और गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। साथ ही हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ फिलिस्तीनी इलाके में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक 34,000 से अधिक लोग मारे गए। 24 नवंबर को कतर ने इजराइल और हमास के बीच अस्थायी संघर्ष विराम और कुछ कैदियों व बंधकों की अदला-बदली की। साथ ही गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के वितरण पर समझौते में मध्यस्थता की। युद्धविराम को कई बार बढ़ाया गया और 1 दिसंबर को समाप्त हो गया। माना जाता है कि गाजा में 100 से अधिक बंधक अभी भी हमास के पास हैं।

## भ्रष्टाचार के आरोप में संसद से कर दिया बर्खास्त

# पहला कोविड टीका बनाने वाले साइंटिस्ट पर चीन का एक्शन

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन में कोराना महामारी के दौरान पहली वैक्सीन विकसित करने वाले साइंटिस्ट को कथित भ्रष्टाचार के लिए संसद से बर्खास्त कर दिया गया। चाइना नेशनल फार्मास्युटिकल ग्रुप की वैक्सीन सहायक कंपनी चाइना नेशनल बायोटेक ग्रुप (सीएनबीजी) के अध्यक्ष यांग जियाओमिंग को गंभीर अनुशासन और कानून के उल्लंघन के कारण नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) में उनकी सदस्यता से हटाया गया है। 62 वर्षीय यांग अनुभवी शोधकर्ता हैं। उन्होंने सीएनबीजी में उस टीम का नेतृत्व किया था, जिसने सिनोफार्मा की बीबीआइबीपी-कोरवी वैक्सीन विकसित की थी। चीन की यह पहली वैक्सीन थी, जिसे सामान्य उपयोग के लिए मंजूरी दी गई थी। यांग को सितंबर, 2020 में इस उपलब्धि के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।




### यांग की बर्खास्तगी पर चीन की सबसे बड़ी कार्रवाई

यांग की बर्खास्तगी चीन की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली पर सबसे बड़ी कार्रवाई के बीच आई है, जो पिछले कुछ वर्षों में राष्ट्रपति शी चिनफिंग द्वारा शुरू किए गए व्यापक भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का विस्तार है। इसका उद्देश्य रिश्वतखोरी से ग्रस्त प्रणाली में व्यापक भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करना है। अस्पतालों, दवा कंपनियों और बीमा फंडों पर कार्रवाई जारी है। पिछले साल से दर्जनों अस्पताल प्रमुखों को हिरासत में लिया जा चुका है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ शी ने छेड़ी है जंग

दरअसल पिछले कुछ वर्षों में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भ्रष्टाचार को खत्म करने का ऐलान किया है। इसके लिए उन्होंने एंटी करप्शन ड्राइव शुरू की है। इसकी जद में देश का हेल्थ केयर सिस्टम भी आया है, जिस पर काफी करारा प्रहार हुआ है। अब इसी कड़ी में यांग को भी बर्खास्त कर दिया गया है। इस एंटी करप्शन ड्राइव का मकसद है कि सिस्टम में भ्रष्टाचार के कारण जो घूसखोरी फैली हुई है, उस पर लगाम लगाई जा सके। इसमें हॉस्पिटल, दवाई कंपनियां, इंश्योरेंस फंड्स और दर्जनों अस्पतालों के हेड्स शामिल हैं, जिनको पिछले साल हिरासत में लिया गया था।

### वुहान में आया था कोरोना का पहला केस

मार्च 2020 में पहली बार चीन के वुहान शहर में कोरोना वायरस का मामला सामने आया था, जो धीरे-धीरे पूरे विश्व में फैल गया और लाखों लोगों की मौत हो गई। यांग की पहले से ही पार्टी की अनुशासनात्मक संस्था केंद्रीय अनुशासन निरीक्षण आयोग जांच कर रहा है। सिनोफार्म शॉट और सिनोवैक बायोटेक की कोरोनावैक कोरोना के लिए सबसे ज्यादा इस्तेमाल की कई वैक्सीन थी और इनको काफी तादाद में चीन से बाहर एक्सपोर्ट भी किया गया था।

## मुसोलिनी की फांसी की 79वीं वर्षगांठ...

# उत्तरी इतालवी शहरों में लोगों ने निकाला मार्च

**एजेंसी** | रोम

इटली के तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी की फांसी की 79वीं वर्षगांठ पर समारोह के दौरान दर्जनों लोगों ने फासीवादी सलामी में अपने हथियार उठाए और फासीवादी नारे लगाए। काले कपड़े पहने इन लोगों ने उत्तरी इतालवी शहरों से होकर मार्च किया। यही वह क्षेत्र है जहां द्वितीय विश्व युद्ध के अंत में मुसोलिनी को गिरफ्तार कर उन्हें मौत की सजा दी गई थी। इसके अलावा मुसोलिनी के जन्मस्थान और अंतिम विश्राम स्थल, प्रेडापियो में भी मार्च निकाला गया। मुसोलिनी को 27 अप्रैल, 1945 को लेक कोमो के तट पर डोंगो में फासीवाद-विरोधी कट्टरपंथियों ने रोक दिया था। तब वह अपनी प्रेमिका क्लारा पेटासी के साथ भागने की कोशिश कर रहे थे। इतिहासकारों के मुताबिक अपने तानाशाह शासन के दौरान मुसोलिनी ने उनका विरोध करने वाले 7 लाख से अधिक लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। उनके समर्थकों के एक समूह ने डोंगो में मार्च किया। वहां मारे गए मुसोलिनी सरकार के मंत्रियों और अधिकारियों की याद में झील में गुलाब के फूल रखे।






## रोबोटिक अंतरिक्ष यान भेजने का प्लान

# चांद के 'अंधेरे' हिस्से में जाएगा चीन

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन एक बार फिर चंद्रमा पर जाने वाला है। चीन चांद के सुदूर हिस्से पर एक रोबोटिक अंतरिक्ष यान भेजने का प्लान बना रहा है। यह मिशन तीन चुनौतीपूर्ण मिशनों में से पहला है, जिसके परिणाम स्वरूप चीनी चालक दल की लैंडिंग होगी और चांद के दक्षिणी ध्रुव पर एक बेस बनाया जाएगा। 2007 में चीन ने चांग'ई मिशन की शुरुआत की थी। चांग'ई नाम चीन की एक पौराणिक देवी के नाम पर रखा गया। चीन ने पिछले कुछ वर्षों में चांद से जुड़े मिशन में अमेरिका और रूस को भी पीछे छोड़ दिया है। साल 2020 में चीन चंद्रमा के निकटवर्ती हिस्से से नमूना लाया था। यह वह हिस्सा है, जो पृथ्वी से हमेशा दिखाई देता है। 40 वर्षों बाद पृथ्वी पर पहली बार सैंपल आया था। इसके जरिए चीन ने दुनिया को दिखाया कि वह चांद पर स्पेसक्राफ्ट उतार सकता है और उसे पृथ्वी पर वापस भी ला सकता है। इस सप्ताह चीन मिट्टी और चट्टानें इकट्ठा करने के लिए चांग'ई-6 मिशन लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो चंद्रमा के सुदूर हिस्से पर लैंड करेगा। जो पृथ्वी पर दिखाई नहीं देता।



**पाकिस्तान का पेलोड भी ले जाएगा चीन:** चंद्रमा की चट्टानों के विश्लेषण से पृथ्वी और मंगल के इतिहास के बारे में और अधिक जानकारी मिलेगी। इसके अलावा चंद्रमा के अन्वेषण में एक नया अध्याय जुड़ने की उम्मीद है। चीन चांग'ई-6 मिशन के जरिए फ्रांस, इटली, स्वीडन और पाकिस्तान का पेलोड भी ले जाएगा। चांग'ई-7 में वह रूस, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड का पेलोड ले जाएगा।

### क्या है चीन का नया मिशन

यह मिशन 53 दिनों का होगा। पृथ्वी से क्योंकि सुदूर हिस्सा दिखाई नहीं देता इस कारण चांग'ई-6 को हाल ही में तैनात रिले उपग्रह पर निर्भर रहना होगा। चीन यहां लैंड हो चुका है, लेकिन उसका कोई भी अंतरिक्ष यान यहां से नहीं लौटा है। चीन का अंतरिक्ष यान यहां से दो किग्रा चट्टान अपने साथ धरती पर लाएगा। यहां का रिले उपग्रह क्रमशः 2026 और 2028 के मानवरहित चांग'ई-7 और 8 मिशन में भी मदद करेगा। इन मिशनों में चीन दक्षिणी ध्रुव पर पानी का पता लगाना शुरू करेगा और एक आउटपोस्ट बनाएगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl